राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 12 अंकः 84 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## नवरात्रि का छठा दिन है मां कात्यायनी को समर्पित



मां कात्यायनी की पूजा करने से भक्तों को आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मां कात्यायनी का स्वरूप चमकीला और तेजमय है। इनकी चार भुजाएं हैं। दाईं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में रहता है। वहीं नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में है। मां कात्यायनी के बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार धारण करती हैं व नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित रहता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जो भी जातक देवी कात्यायनी की पूजा पूरी श्रद्धा से करता है, उसे परम पद की प्राप्ति होती है। नवरात्रि के छठे दिन इस दिन प्रातः काल में स्नान आदि से निवृत्त होकर मां का गंगाजल से आचमन करें। फिर देवी कात्यायनी का ध्यान करते हुए उनके समक्ष धूप दीप प्रज्ज्वलित करें। रोली से मां का तिलक करें अक्षत अर्पित कर पूजन करें।

# राहुल की सांसदी गई..कांग्रेस सत्याग्रह पर आई

## मेरे शहीद पिता का अपमान संसद में किया जाता है, शहीद के बेटे का अपमान किया जाता है, उन्हें मीर जाफर कहा जाता है, मेरी मां का अपमान किया जाता है: प्रियंका गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में राजघाट पर राहुल गांधी के समर्थन में आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। रविवार को राजघाट पर अपने भाषण के दौरान अपने पिता और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अंतिम यात्रा को याद करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि मुझे याद है वर्ष 1991 में मेरे पिता की शव यात्रा तीन मूर्ति भवन से निकली। मैं अपनी मां और भाई के साथ एक गाड़ी में थी। उन्होंने कहा कि सामने फूलों से लदा हुआ भारतीय सेना का ट्रक चल रहा था। जिसमें मेरे पिताजी का शव था। काफिला थोड़ी दूर चला तो राहुल कहने लगे कि मुझे उतरना है। मेरी मां ने मना किया। क्योंकि उस समय सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा था, लेकिन राहुल जिद करने लगे। तब मैंने मां से कहा कि जाने दो। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उतरे और सेना के पीछे चलने लगे। उन्होंने कहा कि कड़ी धूप में अपने पिता के शव यात्रा के पीछे पैदल राहुल चलते-चलते यहां पहुंचा। इस जगह से कुछ 500 गज दूर मेरे शहीद पिता का अंतिम संस्कार मेरे भाई ने किया। प्रियंका ने कहा कि मेरे शहीद पिता का अपमान संसद में किया जाता है। शहीद के बेटे का अपमान किया जाता है, उन्हें मीर जाफर कहा जाता है। मेरी मां का अपमान किया जाता है। आपके मंत्री कहते हैं कि इनके पिता कौन हैं ? आपके प्रधानमंत्री गांधी परिवार के लिए कहते हैं कि ये नेहरू उपनाम का इस्तेमाल क्यों नहीं करते? आप पर तो कोई केस नहीं होता,

### 'विपक्षी नेता को अपनी आवाज उठाने नहीं दी जाती'

**शशि** थरूर ने कहा कि यह (सत्याग्रह) सिर्फ कांग्रेस या राहुल गांधी के लिए नहीं है, यह भारतीय लोकतंत्र के लिए है। हमारा लोकतंत्र जिसे हमारे पीएम भारत को दुनिया में लोकतंत्र की मां कहते हैं, वहां संसद में प्रमुख विपक्षी नेता को अपनी आवाज उठाने नहीं दी जाती। क्या यह हमारे देश के लिए अच्छा है? यह उस सिस्टम के लिए है जिसमें लोगों को बोलने की, अपने विचार रखने की।



### बीजेपी मानहानि के केस का तमाशा कर रही: खड़गे

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- राहुल गांधी ने जब इस मुद्दे को उठाया तो उन्हें दबाने के लिए ये (बीजेपी) मानहानि के केस का तमाशा कर रहे हैं। ये एक साजिश है जिसके खिलाफ राहुल गांधी लड़ रहे हैं। पूरी कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है। यह सत्याग्रह सिर्फ आज के लिए है लेकिन ऐसे सत्याग्रह पूरे देश में किए जाएंगे। राहुल गांधी आम जनता के लिए लड़ रहे हैं। बयान राहुल गांधी ने कर्नाटक में दिया था, लेकिन मामला गुजरात स्थानांतरित कर दिया गया था। भाजपा के पास कर्नाटक में मानहानि का मुकदमा दायर करने की शक्ति नहीं थी। सलमान खुर्शीद ने कहा- उन्हें (राहुल गांधी को) एक कानून के तहत जिम्मेदार ठहराया गया है।

### सत्याग्रह के नाम पर 'बगुला भगत' बन रही कांग्रेस: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय** जनता पार्टी ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त किए जाने के खिलाफ रविवार को आयोजित कांग्रेस के सत्याग्रह की आलोचना की है। पार्टी ने कहा है कि इसमें और असल सत्याग्रह में उतना ही अंतर है जितना भगत और 'बगुला भगत' में। भाजपा नेता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि वह सत्याग्रह किसलिए कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जातियों के साथ भेदभाव, न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा, सुप्रीम कोर्ट के सदस्यता निलंबित होने संबंधी निर्णय या हिंसा में शामिल लोगों के समर्थन में सत्याग्रह किया जा रहा है।

## मूसेवाला के पिता को मिली धमकी



**टीम एक्शन इंडिया/लुधियाना**

**पंजाबी** सिंगर सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह को एक बार फिर से ई-मेल के जरिए धमकी मिली है। इस मामले में पुलिस पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि ये धमकी राजस्थान से ई-मेल के जरिए मिली है। पहले भी इस तरह की धमकियां इंस्टाग्राम आदि पर मिलती रही हैं। धमकी देने वाले ने लिखा है कि बलकौर सिंह लॉरेंस का नाम अपनी स्पीच में लेना बंद कर दें अन्यथा वह उन्हें जान से मार देंगे। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है।

अदालतों में जाना छोड़ा, अब सिर्फ भगवान पर छोड़ी आसः दूसरी ओर मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह कह रहे हैं कि उन्होंने कोर्ट में मर्डर केस की तारीखों पर भी जाना बंद कर दिया है। इसी तरह अब इंसाफ मांगने के लिए अफसरों के दफ्तरों में भी नहीं जा रहे।

## पान-मसाला-सिगरेट पर जीएसटी सेस की अधिकतम दर तय



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने पान मसाला, सिगरेट और तंबाकू के अन्य उत्पादों पर जीएसटी कंपनसेशन सेस की अधिकतम सीमा को तय कर दिया है। इसे अधिकम खदरा मूल्य से भी जोड़ दिया गया है। सेस की अधिकतम दर फाइनेंस बिल 2023 में लाए गए संशोधनों के तहत हुआ है, जिसे लोकसभा में पास किया गया है। संशोधन के अनुसार, अब पान मसाला पर अधिकतम जीएसटी कंपनसेशन सेस खुदरा बाजार मूल्य का 51 प्रतिशत होगा। मौजूदा समय में सेस यथामूल्य पर 135 प्रतिशत लगाया जाता है। तंबाकू की दर 4,170 रुपये प्रति हजार स्टिक और 290 प्रतिशत यथामूल्य या प्रति यूनिट खुदरा बिक्री मूल्य का 100 प्रतिशत तय की गई है। अब तक, उच्चतम दर 4,170 रुपये प्रति हजार स्टिक और 290 प्रतिशत यथामूल्य थी। उपकर 28 प्रतिशत की उच्चतम वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर के ऊपर और ऊपर लगाया जाता है।




राहुल गांधी के समर्थन में देशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सत्याग्रह कर विरोध प्रदर्शन किया।

## राहुल गांधी को पिछड़े वर्ग से माफी मांगनी चाहिए: सुशील मोदी

**पटना:** भाजपा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि राहुल गांधी को पिछड़े वर्ग से माफी मांगना चाहिए। करोड़ों पिछड़ों का अपमान करने वाले लोग सत्याग्रह का नाटक कर रहे हैं। पिछड़ों का अपमान करके सत्याग्रह करने से उनका पाप धुलने वाला नहीं है। उन्होंने रविवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी को हुई सजा को अधिक बताए जाने पर कहा कि वे कोर्ट के फैसले को चुनौती दे सकते हैं।

## 'सावरकर से खुद की तुलना न करें राहुल'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उनकी दादी तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी के वीर सावरकर के सम्मान में लिखे पत्र की याद दिलाते हुए कहा है कि उन्हें सावरकर से अपनी तुलना नहीं करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि राहुल गांधी दूर-दूर तक भी वीर सावरकर नहीं हो सकते हैं। सावरकर ने ब्रिटेन की धरती पर जाकर महाभारती को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए शंखनाद किया था। वहीं राहुल गांधी साल के 6 महीने विदेशों में छुट्टियां मनाने जाते हैं और देश के खिलाफ विदेशियों से मदद मांगते हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उन्हें अपनी दादी का लिखा पत्र पढ़ना चाहिए। जिससे उन्हें उनके कुतर्क का जवाब मिल जाएगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा था कि वह सावरकर नहीं हैं बल्कि गांधी हैं और माफी नहीं मांगेंगे।



**याद दिलाया**

= इंदिरा गांधी के वीर सावरकर के सम्मान में लिखे पत्र की याद दिलाते हुए कहा है कि उन्हें सावरकर से तुलना नहीं करनी चाहिए

## नौसेना के अग्निवीरों का पहला बैच तैयार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नौसेना** के अग्निवीरों का पहला बैच तैयार हो गया है, जिसकी पासिंग आउट परेड (पीओपी) 28 मार्च को आईएनएस चिल्का पर होगी। पहले बैच के 2600 अग्निवीरों में 273 महिलाएं भी हैं। प्रशिक्षण के सफल समापन का प्रतीक पीओपी के मुख्य अतिथि और समीक्षा अधिकारी नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार होंगे। सफल प्रशिक्षुओं को समुद्री प्रशिक्षण देने के लिए सीमावर्ती युद्धपोतों पर तैनात किया जाएगा। दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल एमए हम्पी होली ने बताया कि नौसेना ने 273 महिलाओं सहित करीब 2600 अग्निवीरों का चयन करके उनका प्रशिक्षण नवंबर, 2022 में आईएनएस चिल्का में शुरू किया था।

## इसरो ने लॉन्च किए ब्रिटेन के 36 सैटेलाइट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) रविवार यानी 26 मार्च को ब्रिटेन के 36 सैटेलाइट एक साथ लॉन्च किए। भेजे गए सभी सैटेलाइट का कुल वजन



5805 किलोग्राम है। इस मिशन को LVM3-M3/वनवेब इंडिया-2 नाम दिया गया है। इनकी लॉन्चिंग सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा के स्पेसपोर्ट से सुबह 9.00 बजे की गई। इसमें ISRO के 43.5 मीटर लंबे LVM3 रॉकेट का इस्तेमाल किया गया। ये ISRO का सबसे भारी रॉकेट है। इसने दूसरे लॉन्चपैड से उड़ान भरी। इस लॉन्च पैड से चंद्रयान-2 मिशन समेत पांच सफल लॉन्चिंग हो चुकी हैं।

## अंगदान के प्रति देश में बढ़ रही जागरूकता: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में अंगदान के विषय को उठाया। उन्होंने कहा कि देश में अब अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही हैं और उन्हें संतोष है कि इसे आसान बनाने के लिए देशभर में एक जैसी नीति पर काम हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 99वें एपिसोड में कहा कि अंगदान को प्रोत्साहित और आसान बनाने के लिए राज्यों की डोमिसाइल शर्त को हटाने का निर्णय लिया गया है, ताकि देश के किसी भी राज्य में जाकर मरीज अंग प्राप्त करने के लिए खुद को रजिस्टर करवा सके। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अंगदान करने वाले लोगों के परिजनों से भी संवाद किया। इसमें अमृतसर में जन्म के 39 दिन के बाद ही अपनी बेटी को खो देने वाले माता-पिता सुप्रीत कौर और सुखबीर सिंह भी शामिल हैं। इनकी बेटी अबाबत कौर देश की सबसे यंग अंगदाता बन गई हैं। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति, सौर ऊर्जा और एक भारत श्रेष्ठ भारत पर अपने विचार रखे।

## सीएम ने बालिका आश्रम में मनाया जन्मदिवस

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बालिका आश्रम टूटीकण्डी, शिमला में बालिकाओं के साथ अपना 59वां जन्मदिवस मनाया और उन्हें मिठाईयां बांटी। इस अवसर पर केक भी काटा गया तथा बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के 6 हजार अनाथ बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना आरम्भ की है तथा विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए भी एक योजना तैयार की जा रही है, जिसे शीघ्र ही आरम्भ किया जाएगा। यह योजना ऐसे बच्चों की क्षमता विकास तथा उनकी आकांक्षाओं को पूर्ण कर आजीविका अर्जित करने के उद्देश्य से बनाई जा रही है।



इससे पूर्व, विभिन्न क्षेत्रों तथा वर्गों के लोगों ने मुख्यमंत्री के निवास ओक ओवर में जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु की कामना की।

**सियासी बाजीगर** ड्राइवर का बेटा बचपन में दूध-अखबार बेचने वाला बन गया हिमाचल का सियासी बाजीगर

## ड्राइवर का बेटा सुक्खू पूरे प्रदेश की बागडोर संभाल रहा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

पिता रोड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन में ड्राइवर थे और सचिवालय में सरकारी अफ सर की गाड़ी चलाते थे। जीवन के शुरूआती दौर में परिवार की मदद के लिए ड्राइवर का बेटा दूध व अखबार बेचा करता था। आज वही ड्राइवर का बेटा सुखविन्दर सिंह सुक्खू पूरे प्रदेश की बागडोर संभाल रहा है। जिस सचिवालय में पिता अधिकारियों की गाड़ी चलाया करते थे, आज उसी सचिवालय में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा बेटा हिमाचल की गाड़ी का स्टेयरिंग थामकर सबसे बड़ा सियासी बाजीगर बन गया है। युवाओं को प्रभावित करने वाले सुखविन्दर सिंह सुक्खू का रविवार को 59वां जन्मदिन है। बेहद साधारण व्यक्तित्व वाले सुखविंदर सिंह सुक्खू अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति, आत्मविश्वास और जुझारू संघर्ष के बलबूते मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचे हैं। उनका यहां तक का राजनीतिक सफ र बेहद दिलचस्प और संघर्षमय रहा है। सुखविंदर सिंह सुक्खू का जन्म हमीरपुर जिले की नादौन तहसील के सेरा गांव में 26 मार्च, 1964 को हुआ। बेहद साधारण परिवार में जन्मे सुक्खू के पिता रसील सिंह सरकारी ड्राइवर थे, जबकि माता संसार देई गृहिणी हैं। सुक्खू चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने अपने शुरूआती दिनों में छोटा शिमला में एक दूध काउंटर तक चलाया था। सुक्खू सुबह दूध का काम निपटाते और फिर कॉलेज के लिए निकलते। पढ़ाई के वक्त ही उनकी दिलचस्पी सियासत में जागी और वह एनएसयूआई से जुड़ गए। अपने परिश्रम और संघर्ष की क्षमता के बल पर कामयाबी की सीढियां चढ़ते गए। वो कॉलेजों में क्लास रिप्रेजेंटेटिव, स्टूडेंट सेंट्रल एसोसिएशन के महासचिव और स्टूडेंट सेंट्रल एसोसिएशन के अध्यक्ष तक बने।






# पूर्व मुख्यमंत्री धूमल और राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी पहुंची जंमली धाम, गौशाला निर्माण के लिए किये दस लाख स्वीकृत

**8 धूमल एवं राज्यसभा इंदु गोस्वामी ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य लोगों को सम्मानित किया**

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

नवरात्रों के शुभ अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने हमीरपुर के जंमली धाम में पहुंचकर जहां 108 कन्याओं की पूजा की वही कार्यकर्ताओं के साथ यहां आयोजित मन की बात कार्यक्रम को सुना इस दौरान उनके साथ विशेष रुप से राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी उपस्थित रही इससे पहले यहां पहुंचे दोनों मुख्य अतिथियों का पार्टी कार्यकताओं स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।



वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा पाठ करते हुए यहां 108 कन्या रूपी देवियों की पूजा की गई और उन्हें प्रसाद स्वरूप उपहार बांटे गए इस दौरान स्थानीय लोगों ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी से यहां बनाई गई गौशाला निर्माण एवं विस्तारीकरण हेतु बजट की मांग की जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्यसभा सांसद से कहा कि यहां के लोग मेहनती ईमानदार और सच्चे दिल के लोग हैं। यहां पर दिया हुआ एक एक पैसा ईमानदारी के साथ लगता है लोगों का विश्वास है इसलिए यह धाम आज फ ल-फू ल रहा है लोगों की मांग को पूरा करते हुए राज्यसभा सांसद ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के मुखारविंद से यहां की गौशाला निर्माण एवं विस्तारीकरण हेतु रू 10 लाख देने की घोषणा की जिसका धूमल सहित यहां पर उपस्थित जनता ने उनका धन्यवाद किया धूमल ने कहा कि अगर आप पुण्य का काम करते हो तो लोग आपके पुण्य के भागी बनते हैं। नारी शक्ति को सम्मान मिलना चाहिए मिल रहा है और भविष्य में भी मिलता रहेगा इसके लिए हमें संकल्प करना होगा उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि वर्ष 2007 में जब वे मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने नगर निकाय पंचायती राज चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया था यह इसलिए दिया गया था कि महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर हो आज उसी तर्ज पर महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। हर पंचायत में पुरुषों के साथ महिला प्रधान बनकर समाज का कल्याण कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा करना हमारा दायित्व है और इसकी शुरूआत खुद से करनी होगी घर पर बड़े लोगों बुजुर्गों का मान सम्मान करना जरूरी है। अगर आप उनका मान सम्मान करते हैं तो आपको मंदिर मस्जिद गुरुद्वारे में जाने की भी जरूरत नहीं है अगर आप उनका मान सम्मान नहीं करते हैं तो फिर आपका देव स्थानों पर आना यहां नतमस्तक होना कोई मायने नहीं रखता। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल एवं राज्यसभा इंदु गोस्वामी ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य लोगों को सम्मानित किया।

# पांवटा साहिब में सेवानिवृत्त एचआरटीसी कर्मियों ने गुमान सिंह को सर्वसम्मति से प्रधान बनाया



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

बस स्टैंड के विश्रामगृह पांवटा साहिब में एक बैठक का आयोजिन किया गया। जिसमें गुमान सिंह को प्रधान बनाने का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। पांवटा साहिब विभाग गृह बस स्टैंड में एक बैठक का आयोजन हिमाचल परिवहन सेवा निर्मित कर्मचारी कल्याण मंच द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता गुमान सिंह द्वारा की गई कार्यवाही का संचालन महासचिव हरशरण शर्मा द्वारा किया। एक शोक प्रस्ताव पारित कर पूर्व प्रधान एवं राजेंद्र कुमार पाहवा के असमय निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया तथा उनके परिवार प्रति सांत्वना प्रकट की गई।

पेंशनरों की वर्तमान समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया तथा अभी-अभी प्राप्त सूचना के अनुसार फतेह सिंह में कनिक के निधन पर शोक प्रकट किया गया। सर्वसम्मति से गुमान सिंह को प्रधान बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

# एनटीटी अध्यापिकाओं ने की सीएम से भेंट

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

प्रदेश प्रशिक्षित नर्सरी अध्यापिका संघ एनटीटी की अध्यक्षा कल्पना शर्मा नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। जिसमें संघ की महिलाओं ने एनटीटी अध्यपापिकाओं की भर्ती शीघ्र करने की पुरजोर मांग की गई है। राज्याध्यक्ष कल्पना शर्मा ने बताया कि प्रदेश में अधिकांश महिलाओं द्वारा एनटीटी का एक वर्ष का कोर्स किया गया है जिन्हें एनटीटी की भर्ती में मान्यता देने का आग्रह किया है।

तदोपरांत एनटीटी संघ की महिलाओं ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से भेंट की और उन्हें भी



अपनी मांगों बारे ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने शिक्षा मंत्री से प्री प्राईमरी कक्षा में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को पढ़ाने के लिए शीघ्र एनटीटी अध्यापिकाओं की नियुक्ति करने की मांग की गई है। प्रतिनिधि मंडल में सिरमौर जिला एनटीटी अध्यक्षा रीमा शर्मा, राजगढ़ से रमा चैहान और दीपिका वर्मा सहित संघ की अन्य सदस्य मौजूद रही। रमा चैहान बताया कि प्रतिनिधि मंडल में प्रत्येक जिला से एनटीटी संघ की दस-दस महिलाओं ने भाग लिया।

# वन विभाग के कर्मचारी प्रकाश बादल के साथ एकजुट होकर खड़े

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल प्रदेश वन विभाग मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की मंडी ईकाई की कार्यकारिणी की आपात बैठक वन विश्राम गृह मंडी में आयोजित की गयी। बैठक में कुछ विरोधी धड़े के कार्यकताओं द्वारा गैर कानूनी तरीके से बुलाई गयी शिमला इकाई की 24 मार्च को शिमला में हुई उस बैठक की निंदा की गयी जो बिना अध्यक्ष की अनुमति के बुलाई गयी और अनाधिकृत तरीके से प्रकाश बादल को अध्यक्ष पद से हटाए जाने और नृप जीत ठाकुर को शिमला इकाई का नया अध्यक्ष बनाए जाने की बात कही गयी है। एसोसिएशन की मंडी ईकाई के अध्यक्ष और राज्य के महासचिव रजनीश ठाकुर ने बताया कि शिमला इकाई सहित पूरे प्रदेश के वन विभाग के कर्मचारी प्रकाश बादल के साथ एकजुट हो कर खड़े हैं। रजनीश ने बताया कि बैठक में इस बात की कड़ी निंदा की गयी कि प्रकाश बादल कीअध्यक्षता में संगठन ने वन विभाग के कर्मचारियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य अपने छोटे से कार्यकाल में किये हैं जिससे तिलमिला कर कुछ बागी कर्मचारियों ने प्रकाश बादल को नीचा दिखाने की मंशा से ऐसी निंदनीय हरकत ही है।

# केंद्र सरकार ने लोकतंत्र को खतरे में डाला

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा लगातार लोकतंत्र के ऊपर प्रहार कर उसे खतरे में डाल दिया है। सत्ता की भूख लिए भाजपा पार्टी के शीर्ष नेता तथा हिटलर की तरह राज चलाने वाले लगातार इस देश और देश की जनता की आवाज को दबाने का प्रयास कर लोकतंत्र का गला घुटने का काम कर रहे हैं। सरकार के दबाव के चलते जिस तरह से राहुल गांधी के ऊपर कार्रवाई हुई है जिसका ताजा उदाहरण प्रदेश और देश की जनता के समक्ष है। राहुल गांधी ने इस देश को जोड? का प्रयास किया है उसी तर्ज पर राहुल गांधी ने इस देश में कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक लगभग 3000



किलोमीटर की पैदल यात्रा करके और हर क्षेत्र पर एहर वर्गों के लोगों को जोड़ने का प्रयास किया है तथा इस दौरान उनको भरपूर समर्थन हर जगह मिला है तो क्या वह व्यक्ति किसी विशेष वर्ग के खिलाफ ऐसी बातें कर सकता है। देश को जोड़ने वाला व्यक्ति देश को तोड़ नहीं सकता। लेकिन यह बड़े आश्चर्य की बात है भाजपा के जो नेता और केंद्र सरकार आज देश के लोगों का ध्यान बांटने का प्रयास कर रहा है लगातार राहुल गांधी आवाज उठा रहे हैं कि देश मैं मात्र एक ऐसा व्यक्ति अडानी जिसने देश को लूट लिया है पूरी केंद्र सरकार उसको बचाने में लगी है उससे ऐसा लगता है कि केंद्र की मोदी सरकार की चाबी अदानी के हाथ में है राहुल गांधी इस देश के लोकतंत्र को जो खतरा पैदा हुआ है उसको बचाने की बात कर रहे हैं तथा इस देश की सुरक्षा और रक्षा की बात कर रहे हैं। आज उनकी आवाज को दबाने का प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी सरकार ने किया है। यह सच्चाई जनता के समक्ष है कि किस तरह रातों-रात यह फरमान भी जारी कर दिया की राहुल गांधी की लोक सभा सदस्यता खत्म कर अगले 8 साल तक चुनाव नहीं लड़ेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को 25 प्रतिशत आरक्षण करें निजी विद्यालय

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

सिरमौर जिला निजी विद्यालय संघ की बैठक शनिवार को नाहन में उप निदेशक उच्च शिक्षा सिरमौर करम चंद और उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सिरमौर गुरजीवन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में शिक्षा सत्र 2023-24 में पहली कक्षा में निशुल्क शिक्षा के अधिकार 2009 के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर ईडब्ल्यूएस विद्यार्थियों के लिए 25 प्रतिशत सीटों को आरक्षित कर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अंतर्गत प्रवेश प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संदर्भ में सभी निजी विद्यालयों को विज्ञापन भी जारी करने के लिए कहा गया है ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।बैठक में शीतकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों और प्रवेश दिए गए विद्यार्थियों की सूचना 27 मार्च, 2023 दोपहर एक बजे तक संबंधित खंड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से उप-निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सिरमौर स्थित नाहन के कार्यालय में पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले निजि विद्यालयों में भी आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए आरक्षित सीटों का विज्ञापन जारी करने के अलावा आरक्षित सीटों एवं विद्यालय में प्रवेश दिए गए विद्यार्थी के सूचना उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा नाहन को तुरंत भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

### 100 दिनों की सरकार में कुटलैहड़ को मिले 11 सौ करोड़ : भुट्टो

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि 100 दिनों की सुक्खू सरकार के कार्यकाल में कुटलैहड़ के विकास के लिए 1100 करोड़ की धन राशि उपलब्ध हुई है। इसमें लठियाणी-मंदली पुल के सडक निर्माण भी शामिल है। भुट्टो ने बताया कि पुल के सडक निर्माण के लिए 899 करोड़, पेयजल योजना के लिए 60 करोड़, समुदायिक भवन, खेल मैदान एवं अन्य छोटे-छोटे कार्यो के लिए अलग धन स्वीकृत हुआ है। भुटटो ने कहा कि कुटलैहड़ के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं आएगी। कुटलैहड़ की हर समस्या को प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष उठाकर समाधान करवाया जाएगा। भुटटो ने कहा कि कुटलैहड़ का समग्र विकास और बिना राजनीति द्वेष भाव से हर व्यक्ति का कार्य करवाना ही मेरी प्राथमिकता है।

# मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 59वें जन्मदिवस पर काटा 59 किलो का केक

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला जन्मदिन है मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास ओक ओवर पर 59 में जन्मदिन के मौके पर 59 किलो का केक काटा इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को बधाई देने वालों की भीड़ उमड़ी रही। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बधाई देने पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह



सुक्खू ने कहा कि आज सुबह उन्होंने ग्रीन एनर्जी स्टेट के संदेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सचिवालय से ओक ओवर तक पैदल मार्च किया।मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार प्रदेश को ग्रीन एनर्जी स्टेट बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश में उनकी ओर से पेश किए गए बजट में ग्रीन एनर्जी स्टेट बनाने के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने की बात की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद लोगों को हर क्षेत्र में व्यवस्था परिवर्तन नजर आ रहा है।

## ज्वाली में 10 दिन के अन्दर दूसरा चिट्टे का मामला पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/फ तेहपुर/विजय समयाल**

एसपी नूरपुर के दिशा-निर्देशानुसार पुलिस ने ज्वाली के बसन्तपुर में एक घर से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की इस पुलिस को अमन कुमार सुपुत्र अजय कुमार से 14.59 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ।आपको ज्ञात होगा कि अभी 10 दिन पहले ही पुलिस ने ज्वाली के समलाना में चिट्टा बरामद किया था तो वहीं पुलिस ने भी इन चिट्टे वालों पर नकेल कस दी है ।एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत पुलिस थाना ज्वाली में मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# पांवटा साहिब में पुलिस ने सट्टे लगाते रंगे हाथ पकड़ा आरोपी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पांवटा साहिब के देवी नगर वार्ड नंबर 9 में पुलिस ने एक व्यक्ति को गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर लोगों को अपने सट्टे के जाल में फ साते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। हालाँकि पुलिस ने इस पुरे मामले में पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। डीएसपी रमाकांत ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को पकड? में सफलता उस समय हासिल हुई जब हितेन्द्र सिंह अन्वेषणाधिकारी अपनी पुलिस की एक टीम के साथ



मादक पदार्थ व जुआ अधिनियम के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु गश्त पर थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि देवी नगर वार्ड नंबर-09 में एक व्यक्ति राजीव कुमार पुत्र स्व. राम कुमार निवासी वार्ड नंबर-9 देवीनगर जिसने काले रंग की जैकेट व नीले रंग की जीन्स पैंट पहनी है। अपने रिहायशी मकान के सामने सडक पर खड़ा होकर 1 रु. के बदले 90 रु. देने का लालच देकर लोगों को सट्टा लगाने के लिये उकसा रहा है। जिस पर पुलिस ने मौके पर वार्ड नंबर-9 देवीनगर दबिश दी जहां पर एक व्यक्ति खड़ा था और वह पुलिस को देख कर घबरा गया जिसके बाद पुलिस ने उसका नाम व पता पूछा गया जिसने अपना नाम राजीव कुमार पुत्र स्व. राम कुमार निवासी वार्ड नंबर-09 देवीनगर, पाँवटा साहिब, जिला सिरमौर उम्र-58 वर्ष बताया। पुलिस द्वारा व्यक्ति की तलाशी ली जाने पर राजीव कुमार की पहनी हुई पैंट की दाहिनी जेब से एक बॉल पैन बरंग काला व एक सफेद दड़ा सट्टा पर्ची बरामद हुई। पर्ची के शुरू में 01-400 तथा अन्त में 1-500 लिखा था, अंकों को गिनने पर कुल योग 32,530 पाया गया तथा इसकी पेंट की बाईं जेब से कुल 32,530 रुपये बरामद किए गए।

मामले में पुष्टि करते हुए डीएसपी रमाकांत ठाकुर ने बताया है कि उपरोक्त आरोपी के खिलाफ धारा 13ए-3-67 1867, पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने जोगिंद्रनगर अस्पताल में मरीजों संग मनाया सीएम सुक्खू का जन्मदिन



**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने सिविल अस्पताल जोगिन्दर नगर का दौरा कर मरीजों का कुशलक्षेम जाना और फ ल इत्यादि बांटे। एक गरीब परिवार का व्यक्ति जो लगभग 90 प्रतिशत जलने के कारण 3 महीने से पहले पीजीआई और अब जोगिंदर नगर अस्पताल में उपचाराधीन हैं, उनकी 11000 रुपये की आर्थिक सहायता की। इस अवसर पर जीवन ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता को ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के रूप में एक ऐसे जनहितैषी मुख्यमंत्री मिले हैं, जो दिन रात जनता की सेवा में तत्पर हैं। इसलिए उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का दुःख दर्द साझा कर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का जन्मदिन मनाया। जीवन ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के कार्यकत्ता के तौर पर अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत की थी। बीते तीन माह से अधिक समय में वह राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी के रूप में उभर कर सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री बनने के पहले ही दिन से हाईकमान द्वारा उन पर जताए गए भरोसे के मुताबिक पार्टी की चुनावी गारंटियों को पूरा करने में लगे हैं। इतना ही नहीं प्रदेश की विकट आर्थिक हालत को पटरी पर लाने के लिए भी उन्होंने संसाधन जुटाने की तरफ कदम बढ़ाने के साथ साथ हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का संकल्प लेकर इस परिकल्पना को पूरा करने की राह पकड़ी है।इस अवसर पर उनके साथ द्रंग ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बामन देव, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरव ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्षा प्रेरणा ज्योति, उपाध्यक्ष प्यार, सौरव व कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ढगवार मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट को आधुनिक तकनीक से किया जाएगा अपग्रेड: कृषिमंत्री चन्द्र कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/फ तेहपुर/विजय समयाल**

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश में पशु पालन व्यवसाय को लाभकारी बनाने के लिए प्रदेश सरकार राज्य में नए मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने के साथ पुराने दुग्ध संयंत्रों को आधुनिक तकनीक से विकसित करेगी। यह जानकारी कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार ने ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के तहत हार में पशुपालन विभाग द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय जागरूकता शिविर में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए दी। शिविर में पशुपालन विभाग के सयुंक्त निदेशक पालमपुर जोन डॉ. रवि प्रकाश, उपनिदेशक डॉ. संजीव धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पशुपालकों की सुविधा के लिए



धर्मशाला के नजदीक ढगवार स्थित मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट को आधुनिक तकनीक से अपग्रेड किया जाएगा। प्रदेश में डेयरी फार्मिंग को आधुनिक तकनीक से विकसित करने के लिए विदेशी विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी। जिसके लिए शीघ्र ही उनके नेतृत्व में विभागीय टीम डेयरी फार्मिंग में विश्व मे अपनी पहचान बना चुके देशों का भ्रमण कर वहां की उच्च तकनीकों बारे जानकारी हासिल करेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर तथा आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए गांवों में डेयरी फार्मिंग व्यवसाय को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार पशुपालकों से दूध खरीदने के लिए विशेष प्रबन्ध करेगी। जिसके लिए गांवों में महिलाओं की समितियों का गठन कर उन्हें हर सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इन समितियों का पूर्ण जिम्मा महिलाओं के पास रहेगा जो दुग्ध खरीद तथा इसके विपणन की सारी व्यवस्था का संचालन सुनिश्चित करेंगी। कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए उनके पशुधन का घर पर ही उपचार मुहैया करवाने के लिए प्रदेश सरकार 44 मोबाइल वैनज की व्यवस्था करने जा रही है। इसके अतिरिक्त विभागीय मोबाइल एप्प भी तैयार की जा रही है जिसमें उस क्षेत्र के सभी पशु चिकित्सकों के मोबाइल नंबर अंकित होंगें। ताकि जरूरत पड़ने पर उनसे संपर्क किया जा सके।

हिम गंगा योजना पशुपालकों के जीवन में लाएगी खुशहाली

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पशुपालन व्यवसाय को लाभप्रद बनाने के लिए किसानों को संसाधन और व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में विशेष कार्ययोजना के तहत काम कर रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बजट में 'हिम गंगा' योजना की शुरूआत करने की घोषणा की है। जिससे जहां पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी वहीं उनके जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने बताया कि पशुपालकों को सहायता उपलब्ध करवाने के लिए शराब की प्रत्येक बोतल पर दस रुपए मिल्क सेस लगाने का निर्णय लिया गया है।कृषि मंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी अपने पुस्तैनी कार्य से विमुख हो रही है जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा युवा वर्ग कृषि व पशुपालन कार्यों में नव तकनीक का समावेश कर आर्थिक आत्मनिर्भरता का आधार बना सकते हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री ने मंडी में सुनीं 'मन की बात'



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी सदर में प्रधानमंत्री की 'मन की बातइ को कार्यकताओं के साथ बूथ नंबर 48 चढ?रा में सुना। इस मौके पर सदर विधायक अनिल शर्मा, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह, मिल्कफेड चेयरमैन निहाल चंद, मेयर दीपाली जसवाल, डेप्युटी मेयर विरेंद्र भट्ट, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमन ठाकुर, मंडलाध्यक्ष मनीष कपूर सहित 100 के आसपास कार्यकर्ता मौजूद रहे। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि आज मण्डी में देश के सबसे बड़े कार्यक्रम 'मन की बातइ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना। प्रधानमंत्री ने मेडिकल साइंस के महत्व, नारी शक्ति के प्रेरणादायक प्रयास एवं सौर ऊर्जा सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बातें बताईं। इसके साथ ही उन्होंने देश की उपलब्धियों, प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्द्धक बातों का उल्लेख भी किया। अब अगला 100 वां कार्यक्रम अगले माह होगा जिसके लिए सभी भारतीयों को बेसब्री से इंतजार रहेगा।

## ट्रक ऑपरेटर संघ ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात कर मांगी नई ट्रांसपोर्ट पॉलिसी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
जिला के ट्रक ऑपरेटर्स ने रविवार को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मुलाकात करते हुए हिमाचल प्रदेश में बकाया गुड्स टैक्स का जुमार्ना और ब्याज माफ करने की मांग उठाई है। इसके साथ-साथ उन्होंने गुड्स टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि को भी आगे बढ़ाने की अनुमति मांगी है। जिला ट्रक ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष सतीश गोगी, उपाध्यक्ष अशोक कुमार, महासचिव सुरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष रजनीश शर्मा विक्का और प्रवक्ता पंकज दत्ता की अगुवाई में ट्रक ऑपरेटर्स ने एमसी पार्क पहुंचकर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मुलाकात की। ट्रक ऑपरेटर्स ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा गुड्स टैक्स का बकाया जमा करवाने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2023 निर्धारित की है। जबकि इसके अतिरिक्त टैक्स जमा नहीं करवा पाने वाले ऑपरेटर्स को जुमार्ना और जुमार्ने पर भी ब्याज थोपा जा रहा है, जिससे ट्रांसपोर्ट कारोबारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रक आपरेटर्स संघ ने उपमुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेश का परिवहन विभाग भी खुद उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री संभाल रहे हैं, ऐसे में अधिकारियों को निर्देश देकर गुड्स टैक्स जमा करवाने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाए।

# युवा कांग्रेस ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के 59वें जन्मदिन के अवसर पर जहां प्रदेश भर में कांग्रेस कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं तो वहीं कुल्लू में युवा कांग्रेस कार्यकताओं की ओर से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में भोजन वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें युवा कांग्रेस के

### 8 लोकप्रिय मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के जन्मदिन के अवसर पर यहां पर भोजन वितरण किया

जिलाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर सहित उनकी कार्यकारिणी मौजूद रही। इस अवसर पर वीर सिंह ठाकुर ने कहा कि कुल्लू की जनता को भी इस तरह मरीजों और उनके साथ आएं तीमारदारों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा संस्था काफ ी समय से गरीबों की सेवा करने के लिए आगे आती है इसी कड़ी में उन्होंने प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के जन्मदिन के अवसर पर यहां पर भोजन वितरण किया।

## न्यूज फ्लैश

### घुमारवीं शहर की सीर खड्ड की तलहटी पर अंबेडकर भवन हुआ अनदेखी का शिकार



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
घुमारवीं शहर की सीर खड्ड की तलहटी पर सरकार द्वारा बनाए गया अंबेडकर भवन अनदेखी का शिकार है। इस भवन की दुर्दशा इतनी भयावह है कि यहां पर सांस लेना भी दूभर है। जर्जर हालात में पहुंच चुका यह भवन कभी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। इस अंबेडकर भवन के साथ प्रशासन द्वारा फेंके गए कूड़े और गंदगी के ढेर यहां के वातावरण को दूषित कर रहे हैं। यही नहीं इस भवन के साथ बाजार और आवासीय सुविधा भी है जहां पर लोग बसर करते हैं। लेकिन इस भवन की लंबे समय तक किसी ने इसकी सुध नहीं ली है। घुमारवीं अंबेडकर भवन की हालत को सुधारने के लिए हालांकि अनुसूचित जाति जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सेवानिवृत डीएसपी सीता राम कौंडल व अन्य पदाधिकारियों ने स्थानीय विधायक राजेश धमार्णी से भेंट की है लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक हल की किरण नजर नहीं आई है। इस भवन के चारों ओर खिड़कियों के शीशे टूटे हुए हैं। छत से पंखे गायब हो चुके हैं। भवन के भीतर बिजली की वायरिंग टूट चुकी है। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि 2 मई 2011 इस भवन का उदघाटन सांसद हमीरपुर संसदीय क्षेत्र अनुराग सिंह ठाकुर ने किया था। इस भवन में कई सरकारी और गैर सरकारी तथा राजनीतिक कार्यक्रम होते रहे हैं। लेकिन हुक्मरानों ने इस भवन की दशा पर गौर नहीं किया और हालात इस कदर बिगड़ गई है कि इस भवन की हालत जर्जर हो गई है। इस बारे में संयुक्त संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सीता राम कौंडल ने कहा कि जब यहां पर कोई बैठक का आयोजन करना होता है तो पहले घंटो सफाई करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे का सारा बारिश का गंदा पानी भवन पर आता है जिससे इस भवन की नींव कमजोर हो चुकी है। पानी का सही चैनलाइज न होने के कारण यहां पानी खड़ा रहता है जिससे मच्छर मक्खियों का पनपना स्वाभाविक है। इस भवन के चारों ओर झाडि?ां उगी हुई है। सफाई का यहां पर कोई नामोनिशान नहीं है। शौचालय के नाम पर कोई सुविधा नहीं है। लोगों को मजबूरन खुले में शौच करना पड़ता है। इस भवन के चारों ओर फैली बदबू से यहां पर बैठना तक मुश्किल हो जाता है। उन्होंने सरकार से इन भवनों के उचित रखरखाव की मांग करते हुए कहा है कि यदि सरकार और तंत्र इन भवनों का रखरखाव करने में असमर्थ है तो इनकी जिम्मेवारी बाबा साहेब के संगठनों को सौंप दी जाए ताकि बाबा साहेब भवनों के साथ-साथ बाबा साहेब के नाम की भी गरिमा बनी रहे।

### नशे में धुत्त देवर ने जुत्तो से पिटी भाभी, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
पुलिस थाना बंगाणा के तहत रायेपुर मैदान में नशे में धुत्त देवर ने अपनी भाभी की जुत्तों से पिटाइ कर दी। मारपीट में महिला के सिर, मुंह व कंधो पर चोटें पहुंची है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर देवर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्रीतो देवी निवसी रायपुर मैदान ने बताया कि शनिवार शाम को अपने बरामदे में बैठी हुई थी। इसी दौरान देवर सोमनाथ नशे में धुत्त होकर घर आया और गलियां निकालने के साथ-साथ जान से मारने की धमकियां देने लगा। जब गालियां निकालने का कारण पूछा, तो सोमनाथ ने अपने जुत्ते से मारना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान प्रीतो देवी गिर गई और चोटे पहुंची। मामले को लेकर महिला ने बंगाणा पुलिस के शिकायत दी है। डीएसपी हैडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर देवर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उपायुक्त डीसी राणा ने कोविड-19 की जारी एडवाइजरी के पालन के दिए निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
कोविड-19 वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत उपायुक्त डीसी राणा ने सभी जिला वासियों से विशेष एहतियात रखने का आग्रह किया है। स्वास्थ्य सचिव, हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी एडवाइजरी का जिला में पालन सुनिश्चित बनाने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी जारी किए हैं। सभी आवश्यक एहतियातों और कोरोना वायरस संक्रमण के नियमों का पालन सुनिश्चित बनाने का निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा है कि कोविड-19 के साथ-साथ इनफ्लुएंजा वायरस की निगरानी आवश्यक है, ताकि कोविड-19 के नए वेरिएंट और इनफ्लुएंजा के एच-1एन-1, एच-3एन-2 के बढ़ते प्रसार को रोका जा सके। जारी एडवाइजरी के अनुसार लोगों को भीड़भाड़ वाले स्थानोंए सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मास्क पहनने की सलाह दी गई है। वरिष्ठ नागरिकों और कोमोरबिडिटी वाले लोगों को विशेष एहतियात रखने को कहा गया है।

# जिला स्तरीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय, कुल्लू द्वारा युवा संस्थानों के पदाधिकारियों को सक्षम बनाने हेतु जिला स्तरीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला परिषद भवन में 24 मार्च, 2023 से 28 मार्च, 2023 तक किया जा रहा है। जिसमे जिला कुल्लू के सभी खण्ड के युवा ने भाग लिया। इस शिविर का आज दूसरा दिन है। शिविर के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में विभाग से के.आर. कटोच ने राष्ट्रीय कृषि योजना तथा अन्य योजना की जानकारी दी। तत्पश्चात सोमेश जोकि जीएमडीआईसी कुल्लू से आए अधिकारी ने वालंटियर एंड यूथ इनिशिएटिव के तहत मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, पीएम इंप्लॉयमेंट स्कीम, रूरल इंजीनियर बेस्ड प्रोग्राम्स के बारे में जानकारी तथा अधिक जानकारी के लिए आप पर विजिट कर सकते है। इसके पश्चात कृषि विभाग से वर्षा गुप्ता ने प्राकृतिक खेती तथा पॉली हाउस के लिए विभाग द्वारा दी जा रही विभिन्न सबसिडी एवं योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस बीच जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय, कुल्लू से वॉलीबॉल कोच बालमुकुद ने वॉली बॉल खेल से जुड़े अपने अनुभव सभी को बताया। तथा वॉली बॉल से जुड़ी ट्रेनिंग और खेल की बारीकियों को समझाया। युवाओं ने वॉली बॉल से जुड़े बहुत से सवाल पूछे।इसके उपरांत प्रशांत जो आपदाप्रबंधन अधिकारी है जिन्होंने हमे आपदा से संबंधित जानकारियों से अवगत करवाया जिन्होंने हमें बताया कि जब आग लगे तो हमे कैसे अपनी और दूसरो की मदद करनी चाहिए और हमे भूकंप के बारे में भी जानकारी दी गई।



मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंदर सिंह सुक्खू को उनके 59वें जन्म दिवस पर उनके निजी निवास ओक ओवर में बधाई देते हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

### कांग्रेसी नेता खो बैठे हैं अपना मानसिक संतुलन: बबलू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बलराम सिंह बबलू व व भाजपा नेता लखबीर सिंह लक्खी रविवार को जारी संयुक्त संयुक्त बयान में कहा कि पिछले दिनों राहुल गांधी को कोर्ट द्वारा सजा सुनाए जाने पर कुछ कांग्रेसी नेता हो हल्ला कर रहे हैं, लेकिन वह यह भूल रहे हैं कि यह सजा उन्हें सरकार ने नहीं, बल्कि कोर्ट द्वारा दी गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेताओं द्वारा केंद्र सरकार के विरुद्ध जो हो-हल्ला किया जा रहा है।

## क्षय रोग के खात्मे में पंचायती राज प्रतिनिधियों और संगठनों की जन भागीदारी महत्वपूर्ण: उपायुक्त



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
उपायुक्त डीसी राणा ने कहा कि जिला में क्षय रोग के खात्मे को लेकर संस्थागत गतिविधियों के आयोजन में आयुष विभाग के साथ पंचायती राज प्रतिनिधियों व गैर सरकारी संगठनों की भी सक्रिय जन भागीदारी सुनिश्चित की जाए । डीसी राणा ने यह निर्देश उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय क्षय रोग उन्मूलन समिति, जिला टीवी फोरम व जिला स्तरीय टीवी कोमोर्वीडिटी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग द्वारा जिला में क्षय रोग के खात्मे के लिए उठाए जा रहे आवश्यक कदमों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रभावी टेस्टिंग और जागरूकता गतिविधियों को बढ़ाने के साथ विशेष कार्य योजना तैयार करने को भी कहा। उन्होंने टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत निर्धारित किए गए लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा।उन्होंने प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत टीवी रोगियों की सहायता के लिए निःक्षय मित्र बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों और गैर सरकारी संगठनों के लक्ष्य भी निर्धारित किए। उन्होंने बताया कि निःक्षय मित्र बनकर रोगियों के लिए पोषण किट देकर और जांच व रोजगार से जुड़ी मदद कर अपना सहयोग दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि निरूक्षय मित्र बनने के लिए पर लॉगिन करें।उन्होंने कहा कि क्षय रोग से संबंधित जानकारी के लिए 'टीवी आरोग्य साथीइ ऐप को डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त टोल फ्री हेल्पलाइन 1800116666 और 01899-292638 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## केंद्र की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध जिला मुख्यालय में सत्याग्रह



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश भर मे विभिन्न ब्लाकों मे सत्याग्रह आयोजित किया गया। इसी कड़ी में चम्बा जिला मुख्यालय मे भी राष्ट्रपति महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस पार्टी के विभिन्न फ्रंटियर सगठनों द्वारा मौन धारण करके केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध सत्याग्रह किया गया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चम्बा के अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने कहा कि अगले वर्ष चुनाव होने है इसलिए राहुल गांधी की भारत जोडो.यात्रा से भयभीत होकर केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय एजेसियों का इस्तेमाल करके विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंहगाई और बेरोजगारी के मुद्दे से ध्यान भटका कर केंद्र सरकार विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर फिर से सत्ता मे आने की फिराक मे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ है और उनको पूरा विश्वास है कि आने वाले वर्ष मे समस्त विपक्षी दल एकजुट होकर एनडीए को सत्ता से बाहर करेगें। इस दौरान जिलाध्यक्ष कमल ठाकुर जिला कांग्रेस प्रवक्ता जगदीश हाण्डा, महासचिव नरेश राणा, ब्लॉक महासचिव भानु प्रताप जसरोटिया,सहित आदि मौजूद रहे।

# राहुल गांधी बेल पर, कांग्रेस जनता को गुमराह करने में मस्त: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना और सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा अपनी आदत की मुताबिक राहुल गाँधी ने आज भी प्रेस के माध्यम से उन्होंने गलत बयान बाजी कर देश को भटकाने की कोशिश की है। वह अपने आप को देश से बड़ा समझते हैं। अपने को संवैधानिक संस्थाओं से बड़ा समझते हैं, न्यायालय से और संसद से भी बड़ा समझते हैं। राहुल गाँधी को सजा हुई है 2019 में दिए गए उनके भाषण पर, आज राहुल गांधी ने कहा कि मैं सोच समझ कर बोलता हूं, तो राहुल गांधी 2019 में जो बोले थे, वह सोच समझ कर बोले थे, 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने कर्नाटक में कहा था कि सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है? आखिर राहुल गाँधी के इस वक्तव्य का तात्पर्य क्या था? 'मोदीइ सरनेम जाति सूचक शब्द है, जो देश के अति पिछड़े समाज से आते हैं। इस प्रकार, राहुल गाँधी ने अति पिछड़े समाज का अपमान किया था, उन्हें आलोचना करने का अधिकार है, लेकिन गाली देने का नहीं। राहुल गांधी ने 'मोदीइ सरनेम पर अपशब्द कहा, तो क्या उन पर कानूनी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए? यदि राहुल गाँधी सोचते हैं कि किसी को भी गाली देने और अपमानित करने का उन्हें अधिकार है, तो उनकी गाली से पीड़ित व्यक्ति को भी मानहानि का मुकदमा दर्ज करने का अधिकार है। भारतीय दंड



संहिता के अनुसार, कोई भी व्यक्ति यदि किसी संगठन या किसी व्यक्ति विशेष को गाली देता या अपमानजनक शब्द कहता है, तो पीड़ित व्यक्ति या संस्था द्वारा उसके खिलाफ मानहानी का मुकदमा दायर करने का अधिकार होता है। क्या कांग्रेस पार्टी को इस कानून से भी परेशानी है? कोर्ट में राहुल गाँधी को भी उनके वकील के माध्यम से बात रखने का भरपूर मौका मिला, कोर्ट ने राहुल गाँधी से पूछा आप माफ ी मांगेंगे, उन्होंने स्पष्ट कहा माफी नहीं मांगेंगे, तब कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। वैसे भी, मानहानि मामले में राहुल गाँधी पर 7 और मुकदमे देश के विभिन्न भागों में चल रहे हैं।

भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी ने भी सरनेम मामले को लेकर पटना में राहुल गांधी के खिलाफ एक केस दर्ज कर रखा है। उस मामले में भी राहुल गांधी बेल पर हैं।राहुल गाँधी यदि सोच समझकर बोलते हैं, तो इस आधार पर भारतीय जनता पार्टी मानती है कि उन्होंने जान बूझकर पिछड़ों का अपमान किया जिसकी हम कड़ी भत्र्सना करते हैं। राहुल गाँधी द्वारा पिछड़ों के अपमान के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी पूरे देश भर में आंदोलन करेगी। कांग्रेस पार्टी में बड़े बड़े वकीलों की फौज है। वे सूरत सेशन कोर्ट, हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट जाकर राहुल जी के लिए स्टे आर्डर के लिए आग्रह क्यों नहीं किये? राहुल को कोर्ट जाने से किसने मना किया था?भाजपा इस सवाल का जवाब जानना चाहती है। क्या राहुल गाँधी नाखून कटा कर शहीद होने की कोशिश कर रहे हैं? भारतीय जनता पार्टी का स्पष्ट आरोप है कि जान बूझकर स्टे आर्डर नहीं लिया गया ताकी कर्नाटक विधान सभा चुनाव में राहुल गाँधी प्रकरण को भुनाया जा सके, ऐसा संकेत राहुल गाँधी की बहन और कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी दिया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा जी की गिरफ्तारी मामले में चंद घंटों में ही कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया और कोर्ट से उन्हें राहत भी मिली। राहुल गाँधी एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा था कि राहुल गाँधी को एक बलिदानी बताओ और कर्नाटक चुनाव में इसका लाभ लो। या फिर दूसरी बात क्या ये भी है कि कांग्रेस कि कांग्रेस पार्टी की अंदरुनी राजनीति के तहत यह कवायद हो कि राहुल गाँधी को हटाओ, कांग्रेस बचाओ? इस सवाल का जवाब तो कांग्रेस पार्टी को देना पड़ेगा।संसद सदस्यता जाने के मामले में राहुल गाँधी अकेले नहीं है, बल्कि अब तक 32 सांसदों की सदस्यता गयी है, जिसमें भाजपा के 6 नेता हैं और देश के अन्य पार्टियों के भी नेता शामिल हैं।

जहां तक राहुल गांधी की सदस्यता जाने की बात है, जनप्रतिनिधि कानून पर 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने लिलि थॉमस केस में बहुत स्पष्ट आर्डर दिया है कि यदि दो साल की सजा हुई और दोष सिद्ध होने के बाद उसके ऊपर रोक नहीं लगी, तो जनप्रतिनिधि की सदस्यता खत्म हो जाती है। लोकसभा में केवल इसकी पुष्टि होनी थी। लोकसभा अध्यक्ष ने सिर्फ कानूनी स्थिति को स्पष्ट किया है। उनको निर्णय लेने की जरूरत नहीं है।

बल्कि कानून के आधार पर उन्होंने आदेश जारी किया है। संविधान के अनुच्छेद 102 (1) (ई) के प्रावधानों के संदर्भ में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 के आदेश निकाला गया है।

## न्यूज फ्लैश

### बहला-फुसला कर ले जाने के दो मामले दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला**
थाना बलदेव नगर में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 24 मार्च 2023 को शिकायत दर्ज करवाई है कि 24 मार्च 2023 को आरोपी आकाश उसकी 21 वर्षीय पुत्री को बहला फुसला कर ले गया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में थाना बलदेव नगर में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 24 मार्च 2023 को शिकायत दर्ज करवाई है कि 23 मार्च 2023 को आरोपी टीटू उसकी 20 वर्षीय पुत्री को बहला फुसला कर ले गया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है।

### गौड़ सभा कार्यकारिणी की बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
शहर के मोहल्ला चौधरियान स्थित गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रांगण में रविवार को कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान राकेश मेहता एडवोकेट ने की, जिसमें सभा के कॉलोजियम सदस्य व पूर्व पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वप्रथम भगवान परशुराम का पूजन कर सत्यनारायण शर्मा बाछौद वाले की पत्नी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रध्दांजलि अर्पित की गई। इसके बाद बैठक में वर्ष 2022-23 के आय-व्यय का विवरण तैयार करने पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 22 अप्रैल को सभा में भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। सभा के प्रधान ने कहा कि इस बार भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर प्रातः पांच बजे शहर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी व इसके बाद प्रातः आठ बजे हवन व प्रसाद वित?रण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रधान राकेश मेहता एडवोकेट ने बताया कि उसी समय सभा भवन में कॉलोजियम सदस्यों की आम सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा 2022-23 वित्तिय वर्ष का लेखा-जोखा पेश किया जाएगा। इस मौके पर प्रधान राकेश मेहता ने कहा कि भगवान परशुराम हम सभी के आदर्श है और पुजनीय है इसलिए सभा भवन आयोजित होने वाले परशुराम प्रकटोत्सव कार्यक्रम में सभी विप्रजन बढ़चढ़ कर भाग ले। इस मौके पर प्रमुख रूप से अर्जुनलाल शर्मा, किशनलाल शर्मा, निरंजनलाल महता, सुरेश शर्मा कांवी, कृष्ण शर्मा एडवोकेट, मोहित भारद्वाज, सत्यबीर शर्मा, विजय गोस्वामी, कृष्ण ठेकेदार, देवदत्त शास्त्री तथा ओमप्रकाश चौबे आदि मौजूद थे।

### हजार काम छोडकर भजन पर बैठो: संत कृपाल सिंह महाराज

**पानीपत:** सावन कृपाल रूहानी मिशन बरसत रोड नूरवाला में आज दिल्ली कृपाल आश्रम से आए ममता भोला ने संत राजेंद्र सिंह महाराज की तालीम से अवगत कराते हुए संगत को बताया कि यदि हमारे हाथ पैर और शरीर धूल मिट्टी से भर जाए तो हमें उन्हें पानी से धो सकते हैं। यदि कपड़े गंदगी से मेले हो जाए तो उन्हें साबुन से साफ किया जा सकता है। यदि पाप कर्मों से हमारी बुद्धि मलिन हो जाए तो वह केवल नाम वह शब्द से जुडकर ही पवित्र हो सकती है। सिर्फ कहने से कोई पुण्य आत्मा या पापी नहीं बन जाता। व्यक्ति के कर्म उसे वैसा बनाते हैं। जो जैसा बोता है वैसा काटता है। मनुष्य प्रभु के हुक्म से ही जन्म और मृत्यु के चक्र द्वारा संसार में आता और जाता है। खुदा ने इंसान को प्यार के लिए, दूसरों का दर्द महसूस करने के लिए ही बनाया है अन्यथा उसकी स्तुति के लिए तो देवता ही काफ ी थे। किसी की हत्या ना करना या चोट न पहुंचाना ही अहिंसा नहीं है बल्कि इसमें बुरे विचार और कड़वे बोल भी शामिल हैं। प्रेम संसार की ज्यादातर बुराइयों का इलाज है। प्रेम सब गुणों का सार है, जहां प्यार है वहां शांति है। प्रधान सरदार राजा सिंह ने संत कृपाल सिंह जी के जन्मदिन की खुशी में पहुंची सारी संगत का धन्यवाद किया और कहा कि हमें संतों के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। वहीं जन्मदिन की खुशी में गुरु का अटूट लंगर सभी सेवादारों ने बांटा। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं प्रसाद ग्रहण किया।

### एडमिशन मे अभिभावकों का विशेष उत्साह

**पानीपत:** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में नवीन कक्षा में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा एव छात्रवृति परीक्षा आयोजित की गई। कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति परीक्षा का आयोजन हुआ। कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों से 95 प्रतिशत अधिक अंक पाने पर छात्रवृति के रूप में प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा। जबकि 90 प्रतिशत से उपर अंक प्राप्त करने पर प्रवेश शुल्क का 50 प्रतिशत ही लिया जाएगा।

# नारी शक्ति से ऊर्जा मिलती है: कविता जैन

## बेटियां हमारे देश की शान बन चुकी हैं इसलिए समाज का कर्तव्य है कि हम इन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करें



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**पूर्व मंत्री** एवं भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जैन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 99वें संस्करण के माध्यम से कला, खेल, विज्ञान एवं सेवा सहित अनेकों क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी महिलाओं के उदाहरण प्रस्तुत करके महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम और बढ़ाया है।
बूथ न0. 55 पर कार्यकर्ता समूह के साथ मन की बात सुनने के बाद अपने संबोधन में कविता जैन ने कहा कि नारी शक्ति से ऊर्जा मिलती है और उनके योगदान से देश आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड चैम्पियनशिप में मंडल जीतने वाली नीतू घनघस और स्वीटी बूरा को बधाई देते हुए कहा कि बेटियां हमारे देश की शान बन चुकी हैं इसलिए समाज का कर्तव्य है कि हम इन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करें। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि जीते जी रक्तदान, मरते वक्त देहदान की मुहिम काफी नागरिकों को नई जिन्दगी देने का काम करती है। उन्होंने कहा कि देहदान करने की भावना बढ़ रही है और स्मरण करें कि भाजपा कार्यकर्ता संजय सेहरा ने अपनी माता की देह दान करवाकर एक मिसाल पेश की। राजीव जैन ने कहा कि धारा 370 हटने के बाद कश्मीर जैसे प्रगति

> 8 किसान एफपीओ के माध्यम से विदेशों में सब्जी भेजने लगे हैं इससे खेती को लाभदायक बनाने में मदद मिलेगी

कर रहा है और वहां के किसान एफ0पी0ओ0 के माध्यम से विदेशों में सब्जी भेजने लगे हैं इससे खेती को लाभदायक बनाने में मदद मिलेगी। मन की बात कार्यक्रम में पार्षद मुकेश सैनी, सुरजीत दहिया, पुरुषोतम शर्मा, सुजीत राठी, पवन जैन, सुभाष वशिष्ठ, कुलदीप सैनी, वेद सैनी, कुलदीप पांचाल, राजेश सैनी, हंसराज सैनी, मनोज धानिया, दीपक शर्मा, राजू, सुरेश अग्रवाल, भगवान दास, पवन गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## मुक्तिधाम में साफ-सफाई अभियान चलाया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
रविवार को दतौली गांव के मुक्तिधाम में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने 37 गांवों के लोगों ने मुक्तिधाम में साफ-सफाई अभियान चलाया। दोनों दल से जुड़े युवाओं ने कई घंटे तक जेसीबी की मदद से स्वच्छता अभियान चलाया जागरूक किया। विहिप के प्रखंड मंत्री रवि कुमार व बजरंग दल के संयोजक प्रदीप गोस्वामी ने संयुक्त रूप से कहा कि समाज में जागरूकता का कार्य विहिप व बजरंग दल हमेशा करता है। सुरेन्द्र खुराना ने कहा कि इन सामाजिक कार्य से समाज को जागरूकता का विस्तार करना और हमारा हिंदू समाज अनेकों प्रकल्प चलाकर समाज के सभी जाति के लोग को एक साथ कार्य करने और जातिवाद को खत्म कर संगठनात्मक रहने की प्रेरणा विश्व हिंदू परिषद देता है। इस अवसर पर संदीप, दीपक, विक्की, रामकुमार, राकेश, कृष्ण, बालिस्टर, हरवीर गोस्वामी आदि ने लोगों से अपील की।

## लेन ड्राईविंग नियमों की उल्लघंन करने पर पुलिस ने किए 57 चालान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पुलिस** अधीक्षक, अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतू अब तक 14495 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है। 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 25 मार्च 2023 को 57 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 323 दिनों में 14495 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए।

## इग्नू का 36वां दीक्षांत समारोह 3 अप्रैल को : डा. धर्मपाल

**पानीपत:** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा.धर्मपाल ने बताया की विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षांत समारोह 3 अप्रैल को आयोजित होने जा रहा है। जिन छात्रों ने दिसंबर 2021 और जून 2022 की सत्रांत परीक्षा में अपने पाठ्यक्रम पूरे कर लिए हैं, वे इस दीक्षांत समारोह में अपनी डिग्री, डिप्लोमा,सर्टिफिकेट प्राप्त करने के पात्र हैं। इग्नू का 36वां दीक्षांत समारोह इग्नू मुख्यालय मैदान गढ़ी व पुरे भारत में चुनिंदा 36 क्षेत्रीय केन्द्रों पर एक साथ आयोजित किया जायेगा। दीक्षांत समारोह का सीधा प्रसारण ज्ञान दर्शन चैनल, स्वयं प्रभा चैनल, दूरदर्शन चैनल और इग्नू के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किया जायेगा। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल और क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़ का दीक्षांत समारोह एक साथ इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के सेक्टर 12 स्थित भवन में आयोजित किया जायेगा।

## पानीपत शहरी हलके के वार्ड 11 में आप ने चलाया डिजिटल सदस्यता अभियान

### आम आदमी पार्टी का सदस्य बनने को लेकर लोगों में है भारी जोशः राकेश



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** शहरी हलके के वार्ड 11 में रविवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रमुख समाजसेवी राकेश मुंजाल के नेतृत्व में डिजिटल सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें वार्ड 11 के अनेकों स्थानीय लोगों को आप का सदस्य बनाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता राकेश मुंजाल ने कहा कि आप द्वारा हरियाणा प्रदेश में पूरे जोरों से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पूरे प्रदेश में आप द्वारा 10 लाख नये सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों में आप का सदस्य बनने को लेकर भारी जोश एवं उत्साह बना हुआ है। हरियाणा की जनता भी प्रदेश में आप की सरकार बनाकर दिल्ली सरकार की तर्ज पर मूलभूत सुविधाएं पाना चाहती है। वहीं पूर्व जिला संगठन मंत्री अनिल शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश की जनता मौजूदा सरकार की गलत नितियों के चलते बढ़ रही महंगाई से निजात पाना चाहती है। इस अवसर पर अनिल शर्मा, सरदार कृपाल सिंह, अजीत, अनुप सिंगला, मुकेश कुमार, अंकित, सुमन व पूजा आदि मौजूद रहे।

# सोनीपत जेल कारागार में 271 बंदियों का किया गया निःशुल्क इलाज

## - रोटरी क्लब द्वारा जेल प्रशासन को दो व्हील चेयर प्रदान की गई



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जिला कारागार सोनीपत में रविवार को समाजसेवी मनिंदर सन्नी व अनिल झरोठी के द्वारा तथा डॉ सुरेश कालरा के नेतृत्व में उजाला सिग्नस जे के हिंदू हॉस्पिटल ने स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करवाया गया। उजाला सिग्नस जे के हिंदू हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बंदियों का इलाज करते हुए चिकित्सीय सलाह दी और जरुरतमंदों को दवाईयां उपलब्ध कराई। आयोजित स्वास्थ जांच शिविर में बीमार बंदियों ने अपनी समस्या बताई। जिसके बाद चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। शिविर में कुल 271 बंदियों का इलाज किया गया। जिनमें 245 पुरूष तथा 26 महिलाएं शामिल रही। जेल अधीक्षक राजेन्द्र सिंह की देखरेख में शिविर में बंदियों ने बारी-बारी अपना इलाज कराया। बीमार बंदियों का इलाज करने के लिए जेनरल फिजिशयन, हड्डी विशेषज्ञ, महिला चिकित्सक, दंत चिकित्सक, त्वचा विशेषज्ञ, नेत्र चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के साथ पहुंचे थे। इस चिकित्सीय जांच शिविर से बंदियों को काफी लाभ प्राप्त हुआ। 60 बंदियों ने हड्डी विशेषज्ञ को, 65 बंदियों ने नेत्र चिकित्सक को, 60 ने त्वचा विशेषज्ञ को, 30 ने क्रिटिकल केयर के लिए, 20 ने फिजियोथेरेपिस्ट को, 12 ने दंत चिकित्सक को तथा 25 ने महिला बंदियों ने स्त्री रोग विशेषज्ञ से अपना इलाज कराया। स्वास्थय जांच शिविर में बंदियों की इसीजी, शुगर जांच व बीपी इत्यादी की फ्री जांच करवाई गई तथा बंदियों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध करवाई गई। शिविर के दौरान रोटरी क्लब द्वारा जेल प्रशासन को दो व्हील चेयर प्रदान की गई। जेल अधीक्षक राजेन्द्र सिंह ने समाजसेवी मनिंदर सन्नी व अनिल झरोठी तथा उजाला सिग्नस जे के हिंदू हॉस्पिटल के द्वारा जेल में मेडिकल शिविर लगाने पर उनका आभार व्यक्त किया। मेडिकल शिविर में समाजसेवी प्रवीण वर्मा, डॉ गौरव, डॉ प्रतीक आहुजा, डॉ रमन, डॉ मीनाक्षी ढिंगडा, डॉ सुरेश, डॉ ज्योती, डॉ वीना, दिलबाग सिंह, कविता, अमित, जेल उपअधीक्षक कृष्ण मान, उप अधीक्षक सचिन कौशिक, व जेल स्टाफ ने शिविर के आयोजन में पूरा सहयोग दिया।

## पानीपत पहुंचे दिग्विजय सिंह चौटाला



**पानीपत , 26 मार्च :**कमाल हुसैन
हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुरेश मित्तल द्वारा सेक्टर 29 स्थित रॉयल मेनशन में नवरात्रों के दौरान माता की चौकी का आयोजन करवाया गया। जिसमें प्रसिद्ध गायकों द्वारा माता रानी का गुणगान किया माता। रानी का आशीर्वाद लेने के लिए जननायक जनता पार्टी के नेता एवं इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला पहुंचे। जिनका हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरेश मित्तल ने पटका पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वर्गों के हजारों लोगों ने शिरकत की और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन बालकिशन, जननायक जनता पार्टी के प्रदेश संगठन सचिव देवेंद्र कादियान, शहरी प्रधान सोहन लाल बठला, ग्रामीण प्रधान धर्मवीर राठी, पार्षद नरेंद्र सुरा, शकुंतला गर्ग, पार्षद विजय जैन, हरिराम मलिक, उद्योगपति जगदीश जैन, विरेंद्र बुल्ले शाह, प्रीतम सचदेवा, धनराज बंसल, सुरेंद्र रेवड़ी, हरीश बंसल, शेर सिंह खर्ब एडवोकेट, सरदार गुरशरण सिंह बब्बू, पूर्व मेयर भूपेंद्र सिंह, डीएसपी नरेश अहलावत, डीएसपी धर्मवीर खर्ब, रामनिवास गुप्ता, सतीश चंद्रा, सतीश गोयल,रविन्द्र जैन,सतप्रकश बंसल, व दीपक मित्तल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सीता अस्पताल में लगे निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 82 लोगों ने करवाई जांच

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**रविवार** को नवरात्रों के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर, सीता अस्पताल एवं डा. लाल पैथ लैब के संयुक्त तत्वाधान में मुफ्त हेल्थ जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 82 लोगों का उच्च रक्तचाप, ईसीजी व खून से जुड़ी कई बीमारियों के टेस्ट किए गए। शिविर में आए चिकित्सकों ने रोगियों को बेहतर स्वास्थय के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अगर शरीर में किसी तरह का रोग होता है तो लापरवाही न बरतें, तुरंत डॉक्टर की सलाह पर उपचार लें। रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर व सीता अस्पताल के एम. डी. डा. संजय जैन ने बताया कि अपने स्वास्थ्य की तरफ भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग ध्यान नहीं देते। शरीर का स्वस्थ होना सबसे जरूरी है। रोटरी क्लब की तरफ से समय-समय पर कई तरह के प्रोजेक्ट चलाए जा रहे है।

## चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में पुरस्कारों के साथ किया परीक्षा परिणाम घोषित

### यादव ने विद्यार्थियों को भी अपने जीवन के लक्ष्य को पाने के प्रयास करने के लिए प्रेरित किया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**चाइल्ड** केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में रविवार को नर्सरी से नौवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। प्रातकालीन सभा के साथ नृत्य, नाटक तथा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति की। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने जीवन के लक्ष्य को पाने के लिए विद्यार्थी जीवन के महत्व को समझाने का प्रयास किया। तत्पश्चात स्कूल चेयरमैन अजय यादव तथा प्रधानाचार्या अक्षिदा आहूजा ने नर्सरी से नवमी तक के प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। यादव ने विद्यार्थियों को भी अपने जीवन के लक्ष्य को पाने के प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। वार्षिक परीक्षा के परिणाम उपरांत अभिभावकों में अपने बच्चों की नई कक्षा के दाखिले के लिए उत्साह देखा गया। साथ ही बच्चे भी अपनी नई पुस्तकों के साथ अपनी अगली कक्षा की तैयारी के लिए उत्साहित दिखाई दिए।
कार्यक्रम की व्यवस्था शिक्षिका मोनिका, मंजू, पूनम, वसुधा, सुमित, प्रिया, संगीता, पिंकी, कविता, सुनीति, लवली, सुमन, कोमल, अमित, सुरेंद्र,मुकेश अन्नू यादव ने संभाली।

# मां के भक्तों ने माता की चौकी का किया आयोजन

## मौहल्ला शिवाजी नगर शंकर भार्गव प्रधान शनि मंदिर ट्रस्ट के निवास स्थान पर मां कुष्मांडा का सुंदर दरबार सजाया गया



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।**
न्यू टाईगर क्लब नारनौल द्वारा चैत्र नवरात्र में प्रतिदिन किसी ना किसी भक्त के निवास स्थान पर माता की चौकी का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार रात्रि चौथा नवरात्र के अवसर पर मौहल्ला शिवाजी नगर शंकर भार्गव प्रधान शनि मंदिर ट्रस्ट के निवास स्थान पर मां कुष्मांडा का सुंदर दरबार सजाया गया। माता की चौकी में सर्वप्रथम पंडित नवीन शास्त्री ने मुख्य यजमान शंकर लाल भार्गव व उनकी धर्मपत्नी के कर कमलों द्वारा संपूर्ण विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करवाते हुए माता की पावन ज्योत प्रज्वलित करवाई। क्लब के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट रविंद्र सिंह मटरू ने बताया कि न्यू टाइगर क्लब द्वारा माता के पावन नवरात्रों में माता की चौकी लगाकर मां की पावन ज्योत प्रज्वलित की जा रही है। क्लब द्वारा चैत्र नवरात्रों के छटी नवरात्र सोमवार को पंकज सैनी सीआईए के सामने, सातवां नवरात्र मंगलवार रात्रि गिरधारी लाल सैनी सीआईए के सामने, आठवां नवरात्र बुधवार रामजी लाल शर्मा सैनी सुभाष स्टेडियम और नौवा नवरात्रा वीरवार को सिटी पोस्ट ऑफिस गली मे मोहन बोहरा के निवास स्थान पर माता की ज्योत और चौकी लगाई जाएगी। शनिवार रात्रि चौकी में भजनों की श्रंखला में विकास म्यूजिकल ग्रुप से विकास निर्मल ने मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे, प्रीति अग्रवाल ने तूने मुझे बुलाया शेरावालिए, नवीन वशिष्ठ ने मां शारदे, काशी भगत ने सांसो की माला पर सिमरु में, महेश मस्ताना ने हम दर्द मां के आए हैं ,सुमित्रा देवी ने कभी मेरे घर भी आया करो ,नरेंद्र वंशी माता के सिंगार की रचना गाकर सभी भजन गायक कारों ने उपस्थित भक्तजनों को भक्तिपूर्ण भजनों से झूमने नाचने पर मजबूर कर दिया।
मुख्य यजमान को क्लब सदस्यों द्वारा माता का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्लब के राहुल वर्मा, दिनेश शर्मा, मुकेश वालिया, नरेंद्र वंशी, टिंकू जैन,गोपाला अदलखा, अमित जैन, मोहित, राहुल राजोरिया, नवनीत चौधरी, रिंकू सोनी, नितीन गुप्ता, अमित राजपूत, सतीश सोनी, जीतू कपिल, मुन्ना हलवाई, इंदर हलवाई और काफी भक्तजन मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब गन्नौर रॉयल के स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 104 ने किया रक्तदान

> 8 टीम ने लगभग 104 यूनिट ब्लड एकत्रित किया। युवाओं के साथ गांव की महिलाओं ने अपना ,रक्तदान कर पुण्य कमाया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
रविवार को रोटरी क्लब गन्नौर रॉयल की ओर से रामनगर के शिव मंदिर परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सेहत कर्मियों की टीम ने लगभग 104 यूनिट ब्लड एकत्रित किया। युवाओं के साथ गांव की महिलाओं ने अपना ,रक्तदान कर पुण्य कमाया। शिविर का उद्घाटन मंदिर के महंत श्री राजेश गिरी जी महाराज ने रिबन काटकर किया। महाराज ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। इसलिए हमें रक्तदान करते रहना चाहिए। मनुष्य ही मनुष्य की अनमोल जिंदगी को बचा सकता है। व्यक्ति को साल में कम से कम 2 बार रक्तदान करना चाहिए। क्लब के पूर्व अजय त्यागी ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही अपना रक्तदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि हमें समय- समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए।
इस मौके पर क्लब के पदाधिकारी रजत जैन, क्लब के पूर्व प्रधान अजय त्यागी, नितिन जैन, गौरव जैन, अनिल जैन, प्रवीन मित्तल, नितिन बंसल, धर्मेंद्र कपूर आदि ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया।

# संपादकीय

## योगी सरकार के छह साल

**योगी** सरकार ने अपने छह वर्ष पूरे किए। उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड योगी आदित्यनाथ के नाम हुआ। उनकी सरकार ने पिछले कार्यकाल में ही विकास के अनेक कीर्तिमान बना दिए थे। विकास के अनुकूल माहौल बनाने के कारण उत्तर प्रदेश प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। पचास से अधिक योजनाओं के क्रियान्वयन में यूपी नंबर वन हो गया था। पिछली कई सरकारों को योगी ने अपने एक ही कार्यकाल में बहुत पीछे छोड़ दिया था। दूसरे कार्यकाल की शुरूआत भी नए मंसूबों के साथ हुई थी। लोक कल्याण संकल्प पत्र के माध्यम से प्रदेश की जनता से किये गये पूरे किए जा रहे हैं। प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले राज्य के रूप में आगे बढ़ाने का रास्ता बना दिया है। यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। छह वर्ष पहले इसे बीमारू प्रदेश माना जाता था। निवेशकों की उत्तर प्रदेश में कोई दिलचस्पी नहीं थी। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। आज उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश सर्वाधिक आकर्षक हो गया है। योगी आदित्यनाथ ने सरकार के साथ व्यवस्था में बदलाव का संकल्प लिया। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही। बुलडोजर माफियाओं को मिट्टी में मिलाने का प्रतीक बन गया। माफिया के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति है। एक जनपद, एक उत्पाद योजना की शुरूआत उत्तर प्रदेश में की गयी थी, आज प्रदेश के सभी जनपदों का एक यूनिक प्रोडक्ट है। ओडीओपी योजना ने प्रदेश के निर्यात को दोगुने से अधिक किया है। आज उत्तर प्रदेश एक्सपोर्ट का हब बन रहा है। राज्य को डिफेंस कॉरिडोर भी दिया गया है। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल तथा झांसी में भारत डायनामिक्स यूनिट लग रही है। कानपुर में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में अच्छा निवेश आ रहा है। लोक कल्याण संकल्प पत्र के माध्यम से प्रदेश की जनता से किये गये पूरे किए जा रहे हैं। एक सौ तीस वायदों में से एक सौ दस को इस बजट में समाहित किया गया है। 64 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि लोक कल्याण संकल्प पत्र में घोषित संकल्पों के लिए समर्पित है। यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। इसी का परिणाम है कि यूपी में प्रतिव्यक्ति आय दोगुनी से अधिक पहुंच गई है। नए भारत के नए यूपी के रूप में उभारने में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश को नम्बर वन बनाने का संकल्प लिया गया है। राष्ट्रीय पटल पर एक नया सक्षम और समर्थ उत्तर प्रदेश उभर कर आया है। विगत छह वर्षां में प्रदेश के बजट में दोगुने से अधिक की वृद्धि हुई है। इस दौरान प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय दोगुने से अधिक हुई तथा जीडीपी में भी दोगुने से अधिक बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान प्रदेश में बजट के दायरे को बढ़ाया गया है। राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए सभी सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। यूपी सर्वाधिक एक्सप्रेस वे वाला प्रदेश बन गया है। इसके साथ ही सड़कों के निर्माण और इनके किनारे पर औद्योगिक गलियारा बनाने का भी अभूतपूर्व कार्य हुआ है। "आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश" के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करके यहां के औद्योगिक विकास के लिए बेहतर माहौल तैयार किया गया है। औद्योगिक विकास के लिए सभी जरूरी संसाधन प्रदेश में उपलब्ध हैं। छह वर्ष पहले तक पूर्वांचल पर पिछड़ेपन का दाग था।

# कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जातिगत प्रभाव कितना हावी है ?

अशोक भाटिया

> तो वहीं वोक्कालिगा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले डीके शिवकुमार दक्षिणी कर्नाटक में कांग्रेस की किस्मत चमका सकते हैं। क्योंकि उनकी पकड़ वोक्कालिगा मतदाताओं के बीच खासकर ज्यादा है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि वोक्कालिगा मतदाताओं में से आधे ने पिछले तीन राज्यों के चुनावों में से हर बार कांग्रेस और भाजपा में से ही चुना है। वहीं जेडीएस ने अपने मूल आधार के एक तिहाई और आधे के बीच कब्जा कर लिया। जनता दल (सेक्युलर) कर्नाटक विधानसभा चुनाव में खुद को किंगमेकर की भूमिका से कम नहीं आंक रही है। पार्टी अपने अस्तित्व की आवश्यकता और विस्तार के आकर्षक राजनीतिक तर्क के बीच चुनाव का सामना कर रही है

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में चुनावी बिगुल बजा दिया हैं । भारतीय जनता पार्टी के अलावा सत्ताधारी कांग्रेस और जनता दल सेकुलर के नेता भी प्रचार के दौरान हवा को अपने पक्ष में करने की कोशिश में जुटे हैं। तीनों ही दल 224 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत हासिल करने का दावा कर रहे हैं। कई राजनीतिक विश्लेषकों की राय है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों से सिर्फ.राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनावों की ही नहीं बल्कि इसी साल 2023 में होने वाले आम चुनावों की दिशा भी तय हो सकती है। बीते तीन दशकों में कर्नाटक की राजनीति एक ही पैटर्न पर चली आ रही है। जहां राज्य की तीनों प्रमुख पार्टियां इसी कशमकश में दिखती है कि वे अपने जातिगत आधार पर ध्यान दें या फिर नए सामाजिक समूहों को लुभाएं। ऐसे में भाजपा कांग्रेस और जेडीएस तीनों ही अपनी अपनी जुगत में लगी हैं कि किस तरह से राज्य की सत्ता पर अपना कब्जा जमाया जाए। साल 2013 को अगर नजरअंदाज किया जाए तो कांग्रेस को छोड़कर कोई भी पार्टी अपने बलबूते राज्य में सरकार बनाने में नाकाम रही है। मौजूदा सरकार में यूं तो सीएम भाजपा के हैं लेकिन पार्टी येदिरुप्पा वाले लिंगायत प्रभाव से आगे बढ़ना चाहती है। जिसको लेकर हाल ही में पार्टी ने आरक्षण का कार्ड भी खेला है। दूसरी ओर कांग्रेस इस तरह से चुनावों को सुनहरे मौके के रूप में देख रही है कि किसी तरह जनता की नाराजगी को अपनी जीत में तब्दील कर लिया जाए। कर्नाटक के पूर्व सीएम रहे एचडी कुमारस्वामी की पार्टी जनता दल सेक्युलर भी चुनाव को लेकर खुद को किंगमेकर की भूमिका में देख रही है। कर्नाटक राज्य में अगर चुनावी समीकरणों को खंगाला जाए तो मालूम पड़ता है कि बीते तीन दशकों में त्रिध्रुवीय प्रतियोगिता का पैमाना है। एक ओर जहां भाजपा के लिए ऊंची जातियां और लिंगायत समुदाय मायने रखता है तो वहीं जेडीएस के लिए वोक्कालिगा और कांग्रेस के लिए दलित और मुस्लिम (ओबीसी के एक गुट के साथ) वोट खासा मायने रखते हैं। ऐसे में आने वाले विधानसभा चुनावों मे तीनों पार्टियों के लिए चुनौतियां कम नहीं हैं। वहीं राजनीतिकारों का कहना है कि कर्नाटक राज्य में इस बार एक अलग तरह की राजनीतिक उठापटक देखने को मिल सकती है। येदियुरप्पा और कुछ अर्थों में देवेगौड़ा के प्रभाव के बाद क्या राज्य में होने वाला यह विधानसभा चुनाव नए परिणामों के रीमेक का संकेत दे सकता है? इसको लेकर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। भाजपा कर्नाटक राज्य में लिंगायत बाहुबली येदियुरप्पा के प्रभाव से आगे बढ़ना चाहती है। वह वोक्कालिगाओं, दलितों, आदिवासियों और ओबीसी के बीच नई पैठ बनाना चाहती है। जो कि लंबे समय से लिंगायत प्रभुत्व से दूर हैं। हाल की सरकार ने दलितों और आदिवासियों के लिए अधिक आरक्षण प्रदान करने की दिशा में कदम उठाए हैं। साथ ही वोक्कालिगाओं के लिए आरक्षण की सीमा को उसी अनुपात में बढ़ाया है जिस अनुपात में उसने लिंगायतों के लिए किया। हालांकि यह एक नई सामाजिक इंजीनियरिंग की दिशा में ठोस पहल का प्रतिनिधित्व है। फिर भी भाजपा को सावधान रहना होगा। भाजपा के लिए लिंगायत समर्थन, गुजरात में पटेलों के समर्थन के विपरीत है। इसके लिए यह समझना होगा कि यह हिंदुत्व विचारधारा के माध्यम से नहीं बल्कि नेता/गुट वफादारी के माध्यम से तैयार किया गया है। यह याद रखना जरूरी है कि साल 2013 मे जब येदियुरप्पा ने एक बिखरी हुई पार्टी से चुनाव लड़ा तो उन्होंने भाजपा के लिंगायत वोट को आधे से ज्यादा काटने में कामयाबी हासिल की और करीब 10 फीसद वोट शेयर हासिल किया। भाजपा ने येदियुरप्पा के बाद भी कर्नाटक राज्य में लिंगायत सीएम को बनाए रखना ही सुनिश्चित किया। जब पहली बसवराज बोम्मई कैबिनेट का विस्तार किया गया तो सात वोक्कालिगा मंत्रियों को शामिल किया गया था। उस वक्त भी लिंगायतों को नौ मंत्रियों के रूप में प्रमुख स्थान दिया गया था। बेशक तौर पर भाजपा के लिए परस्पर विरोधी हितों को संतुलित करने का यह बेहतरीन प्रयास माना जाता है। लेकिन कर्नाटक की राजनीति की एक अलग ही विशेषता है। यहां पर बहुत छोटे स्तर पर सोशल इंजीनियरिंग व्यापक वैचारिक आख्यानों पर अभी भी हावी है। क्योंकि राज्य की राजनीतिक प्रतिस्पर्धा विकेंद्रीकृत है। जो कि पक्षपातपूर्ण लगाव के बजाय जाति-आधारित नेटवर्क पर ज्यादा निर्भर है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी जनता की भाजपा को लेकर नाराजगी और पार्टी की गुटबाजी का फायदा उठाना चाहती है। पार्टी को लगता है कि वर्तमान मुख्यमंत्री की पारी लड़खड़ा रही है ऐसे में यह उसके लिए राज्य की सत्ता पर काबिज होने का सुनहरा मौका है। कांग्रेस पार्टी के पास सिद्धारमैया से लेकर डीके शिवकुमार जैसे नेताओं का भरोसा भी है। जो कि राजनैतिक उठापटक के लिए माहिर माने जाते हैं। सिद्धारमैया मध्य और उत्तरी कर्नाटक में कांग्रेस के मूल सामाजिक आधार को लामबंद करने के लिए बेहतरीन नेता हैं।

तो वहीं वोक्कालिगा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले डीके शिवकुमार दक्षिणी कर्नाटक में कांग्रेस की किस्मत चमका सकते हैं। क्योंकि उनकी पकड़ वोक्कालिगा मतदाताओं के बीच खासकर ज्यादा है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि वोक्कालिगा मतदाताओं में से आधे ने पिछले तीन राज्यों के चुनावों में से हर बार कांग्रेस और भाजपा में से ही चुना है। वहीं जेडीएस ने अपने मूल आधार के एक तिहाई और आधे के बीच कब्जा कर लिया। जनता दल (सेक्युलर) कर्नाटक विधानसभा चुनाव में खुद को किंगमेकर की भूमिका से कम नहीं आंक रही है। पार्टी अपने अस्तित्व की आवश्यकता और विस्तार के आकर्षक राजनीतिक तर्क के बीच चुनाव का सामना कर रही है। हालांकि पार्टी प्रमुख एचडी कुमारस्वामी का कहना है कि हम राज्य में अकेले दम पर सरकार बनाने का माद्दा रखते हैं। खासकर भाजपा को लेकर वे खासा हमलावर रहे हैं। बीते दिनों कुमारस्वामी का यह बयान कि 'शाह या मोदी कर्नाटक का 100 बार भी दौरा कर लें, फिर भी भाजपा की सरकार नहीं बनने वाली है। फिलहाल इस बयान से कुमारस्वामी ने इतना तो साफ कर दिया है कि भाजपा को लेकर उनके तेवर कितने तल्ख हैं। हालांकि इस बात को लेकर दो राय नहीं है कि जेडी(एस) का कर्नाटक राज्य में अपना प्रभुत्व अलग है। जो कि चुनाव में किसी भी वक्त उलटफेर कर सकती है। पार्टी ने अन्य सामाजिक समूहों तक पहुंचने के लिए सत्ता में आने पर दलित या मुस्लिम मुख्यमंत्री के वादे को टाल दिया है। के चंद्रशेखर राव की नई राष्ट्रीय पार्टी बीआरएस के साथ जेडी(एस) गठबंधन हैदराबाद-कर्नाटक क्षेत्र में पार्टी की पहुंच का विस्तार करने के लिए है। कोई भी पार्टी कुछ भी कहे पर वह लिंगायत समुदाय के महत्त्व को नहीं झुठला सकती क्यों कि लिंगायत समुदाय कर्नाटक में सबसे बड़ा जाति समूह है। वहीं, वोक्कालिगा राज्य का दूसरा सबसे प्रभावशाली जाति समूह है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई एक लिंगायत हैं।

एक आंकड़े के अनुसार राज्य में लिंगायत (14 प्रतिशत) और वोक्कालिगा (11 प्रतिशत), दलित (19.5 प्रतिशत), ओबीसी(16 प्रतिशत) और मुस्लिमों की संख्या (16 प्रतिशत) है देश के अन्य राज्यों की तरह ही कर्नाटक की राजनीति में भी जातीय आधार पर ही मतदान होते हैं। सभी राजनीतिक दल जातियों को अपनी तरफ करने की चाल भी चलते हैं। 2013 से 2018 के बीच सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने लिंगायतों के अलग धर्म की मांग का समर्थन किया था। ऐसा इसलिए ताकि इस समुदाय का समर्थन हासिल किया जा सके, जो परंपरागत रूप से भाजपा का समर्थन करता रहा है।



# कविता

## धोख देने में माहिर होने लगे हो

आप अपनो हो या हो बेगाने,
आप जग जाहिर होने लगे हो।

जालिम ये जमाना,ना समझ नहीं ।
रंजिशों मेंआप भी माहिर होने लगे हो।

न जाने किस की सोहबत में रहते हो,
तमाम शाजिशों में शुमार होने लगे हो।

शुरू से परवरिश ऐसी तो न तुम्हारी,
पीठ पर खंजर हजार चलाने लगे हो।

तुम ना तो फरेबी या सियासत दार हो।
फिर क्यों दिल से शातिर होने लगे हो।

क्या किया तुमने लूट कर खुद का
आशियाना,
खूबसूरत जिंदगी वीरान बनाने लगे हो।

संजीव ठाकुर

# सत्ता और सामूहिक विपक्ष का टकराव

प्रेम शर्मा

**भारतीय** लोकतंत्र में यह दौर बहुत ही कठिनाई का प्रतीत हो रहा है। विपक्षी नेताओं पर ताबड़तोड सत्ता पक्ष के हमले से पूरा विपक्ष तिलमिला गया है। राहुलगांधी को सूरत कोर्ट से दो साल की सजा और संसद की सदस्यता समाप्त होने के बाद अप्रत्याशित रूप से इस मुद्दे में एकजुट होते विपक्ष ने भारतीय राजनीति में एक नई शुरूआत को जन्म दिया है। यॉ यू कहे कि देश की सबसे सर्वोच्च पार्टी के सबसे ताकतवर नेता के उपर सत्ता पक्ष द्वारा की गई कार्रवाई से चितिंत अन्य विरोधी दलों को यह महसूस हो गया है कि जब राहुलगांधी पर आज यह कार्रवाई हो सकती है तो कल उनकी बारी भी आ सकती है। यही कारण है कि अब तक सीबीआई, ईडी और अन्य जॉच एजेंसियों को लेकर अपनी अपनी तरह से अलग अलग विरोध करने वाली विपक्षी पार्टिया राहुलगांधी मामले के बाद सरकार पर हमलावर हो गई है। राहुल गांधी को सजा और सदस्यता समाप्ति के बाद भाजपा के केन्द्रीय मंत्री से लेकर मुख्यमंत्रियों द्वारा जिस तरह से राहुल गांधी पर बयानों का हमला किया जा रहा है वह इस बॉत का संकेत है कि इस मामले में कही न कही भाजपा से भी कुछ गल्तियॉ हुई है। सजा सुनाए जाने से पूर्व माफी न मांगने और तत्काल उच्च अदालत की शरण न लेने से यह तो जरूर आभास हो रहा है कि राहुल गांधी सत्ता पक्ष के इस निर्णय को अब जनता की अदालत में ले जा रहे है। यही नही पद यात्रा के दौरान राहुल गांधी को मिले समर्थन से लेकर देश में चल रहे महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जनमानस में चल रहे द्वंद का आभास करके ही कांग्रेस अब सत्याग्रह का सहारा ले रही है। जनतंत्र की विशेषता यही है कि विजेता पार्टी सत्ता में शासन करती है, पर इसका मतलब यह नहीं हो सकता कि सत्ताधारी पार्टी के सभी निर्णय शत-प्रतिशत सही हों और बड़े समूह के लोगों के लिए लाभकारी भी हो। ऐसे में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है जो लिए गए निर्णयों को आम जनता के हितों से जोड़ कर देखता है और उचित संगठित विरोध करता है। किसी भी देश का शीर्ष नेतृत्व इस बात .से इंकार नहीं कर सकता है कि सत्ता सिर्फ पक्ष से नहीं, विपक्ष से भी चलती है। विगत कुछ वर्षों में जिस तेजी से विपक्ष राज्य और केंद्र में कमजोर हुआ है, कहीं न कहीं, जनता का हित भी उतना ही प्रभावित हुआ है और हम ऐसी राह पर बढ़ते चले जा रहे हैं जहां शायद विरोध के लिए कोई जगह नहीं है। यही हाल राज्य सरकारों का भी है जहां सुशासन से अधिक अपने प्रतिद्वंद्वी पाटियों की गतिविधियों को रणनीति बनाकर नियंत्रित किया जा रहा है। आज अनेकों लोगों से बात करेंगे तो उनकी बात विचार व्यवहार में मीडिया की अभूतपूर्व भूमिका देखने को मिलेगी। कई मीडिया आज सरकारों के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने लगे हैं जबकि कभी इनका मुख्य काम जनता के हितों के लिए कार्य करना होता था। यानि कि दो अलग-अलग विचारधारा, कार्य प्रणाली आज एक हो चुकी है जिसका परिणाम लोगों पर पडना शुरू हो गया है। लोग आज सोचने, समझने और तर्क करने की क्षमता का भी प्रयोग नहीं करते हैं। यह सच है कि हमेशा सत्ता पक्ष के सभी निर्णय शत-प्रतिशत सही हों यह जरूरी नहीं है पर विपक्ष का कमजोर होना, लिए गए निर्णयों में अपनी बात न रखना, स्वयं के कमजोर होने के साथ-साथ जनता को कमजोर करता है। सत्ताधारी पार्टी को 2019 लोकसभा चुनाव में 37.36 प्रतिशत (22.91 करोड़) वोट प्राप्त हुए थे। जबकि अन्य पार्टियों को 22.22 प्रतिशत (13.64 करोड़) कांग्रेस को 19.49 प्रतिशत (11.95 करोड़), वोट मिले थे। यानि कि सत्ताधारी पार्टी की तुलना में विपक्ष में कुल 62.64 प्रतिशत (38.44 करोड़) वोट मिले थे।

# विचार

## क्या चक्रव्यूह से निकल पायेंगें राहुल गांधी?

रमेश सर्राफ धमोरा

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी राजनीति के चक्रव्यूह में फंसे हुए नजर आ रहे हैं। मानहानि के एक मामले में सूरत की एक अदालत ने उन्हें दो साल की सजा व 15 हजार रूपयों का जुमार्ना सुनाया था। हालांकि अदालत ने उसी समय राहुल गांधी की जमानत लेते हुए उन्हें एक महीने में ऊपरी अदालत में अपील करने का समय दिया था। निचली अदालत के इस फैसले को आधार बनाकर लोकसभा ने आज राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर दी। राहुल गांधी को अपने बचाव में ऊपरी अदालत में अपील करनी होगी तभी वह जेल जाने से बच सकेंगे एवं उनकी संसद की सदस्यता भी बच पाएगी। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के कोलार में एक रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है। चाहे वह ललित मोदी, नीरव मोदी हो या नरेंद्र मोदी हो। इसको लेकर सूरत पश्चिम के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस करते हुए कहा था कि राहुल गांधी ने हमारे पूरे समाज को चोर कहा है और यह हमारे समाज की मानहानि है। इस केस की सुनवाई के दौरान राहुल गांधी तीन बार सूरत कोर्ट में पेश होकर खुद को निर्दोष बताया था। इसी मामले में सूरत के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एच एस वर्मा की कोर्ट ने राहुल गांधी को भारतीय दंड विधान की धारा 499 और 500 के तहत दोषी ठहराया। मगर इसके साथ ही उन्हे जमानत देते हुए 30 दिनों के लिए सजा को निलंबित कर दिया था। ताकि उन्हें हाई कोर्ट में अपील करने का मौका मिल सके। सूरत कोर्ट द्वारा राहुल गांधी को सजा सुनाने के 26 घंटे बाद ही लोकसभा ने उन्हें सदस्यता के अयोग्य ठहरा दिया है। यदि लोकसभा अध्यक्ष चाहते तो उन्हें ऊपरी अदालत के निर्णय होने तक संसद सदस्य रखा जा सकता था। मगर सरकार के दबाव में अति शिघ्रता में उनकी सदस्यता रद्द कर दी गयी है। कोर्ट के निर्णय से राहुल गांधी चौतरफा घिर गए हैं। उन्हें शीघ्र ही गुजरात हाई कोर्ट में अपील कर अपना पक्ष रखना होगा। यदि राहुल गांधी को हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिलती है तो अगले आठ साल तक वह चुनाव लड़ने के अयोग्य हो जाएंगे।

वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी चारों तरफ से घिरी हुई है। राजनीतिक रूप से भी पार्टी कमजोर हो रही है। ऐसे में राहुल गांधी को जेल की सजा होना व उनकी संसद सदस्यता जाना कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है। कांग्रेस पार्टी को बहुत ही सावधानी से अपने विधिक कदम उठाने होंगे। न्यायालय में मजबूती के साथ अपना पक्ष रखना होगा। यदि ऊपरी न्यायालय से राहुल गांधी को राहत मिल जाती है तो कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत बड़ी राहत होगी। केंद्र सरकार कांग्रेस सहित देश के अन्य सभी विपक्षी दलों पर पूरी तरह हमलावर मूड में है। विपक्षी दलों के नेताओं को लगातार सरकारी संस्थाओं के माध्यम से निशाना बनाया जा रहा है। 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। उससे पूर्व राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, कर्नाटक सहित कई प्रदेशों में विधानसभा के भी चुनाव होंगे। जहां कांग्रेस की सीधी भाजपा से टक्कर होनी है। ऐसे में भाजपा कांग्रेसी नेताओं को विभिन्न तरीकों से दबा कर उनका मनोबल कमजोर करना चाहती है। ऐसी परिस्थिति से बचने के लिए राहुल गांधी को अपने इर्द-गिर्द तैनात नेताओं में से उन लोगों को दूर कर देना चाहिए जो सिर्फ स्वयं को आगे बढ़ाने के लिए राहुल गांधी का सहारा ले रहे हैं। बहुत से जनाधार विहीन नेता राहुल गांधी के सहारे बड़े-बड़े पदों पर बैठे हुये हैं। जिनका जनता में जनाधार शून्य है। बड़े पदों पर तैनात कई नेता तो ऐसे हैं जिन्होंने आज तक कभी अपनी जिंदगी में चुनाव नहीं लड़ा। कई बड़े नेता लगातार कई चुनाव हार चुके हैं। जनाधार विहीन नेता राहुल गांधी से नजदीकी का फायदा उठाकर उनकी नजरों में अपने नंबर बनाने के लिए अक्सर उन्हे गलत सलाह देते रहते हैं। राहुल गांधी को ज्ञान होना चाहिए कि जुबान से निकली हुई बात वापस नहीं आ सकती है। राजनीतिक जीवन में ऐसे शब्दों के प्रयोग से बचना चाहिए जिनका नतीजा नकारात्मक होता है। आज राहुल गांधी अपने गलत गलत बयानों के चलते ही कोर्ट से मुजरिम करार दिए गए हैं। यदि गुजरात उच्च न्यायालय से राहुल गांधी को राहत नहीं मिलती है तो उन्हें जेल तो जाना ही होगा। इसके साथ ही अगले 8 सालों तक वह कोई भी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। इससे उनकी पूरी राजनीतिक साख समाप्त हो जाएगी। और भाजपा के नेता यही चाहते हैं कि राहुल गांधी की साख को समाप्त कर दिया जाए। राहुल गांधी जानबूझकर उन्हें ऐसे मौके दे देते हैं। अभी राहुल गांधी पर मानहानि के चार और मुकदमे चल रहे हैं। जिस पर फैसला आना बाकी है। इनमें महाराष्ट्र के भिवंडी कोर्ट में, असम के गुवाहाटी कोर्ट में, रांची के एक कोर्ट में व महाराष्ट्र के मझगांव स्थित शिवडी कोर्ट में मुकदमे चल रहे हैं। हालांकि राहुल गांधी कांग्रेस को पुनर्जीवित करने के लिए इन दिनों पूरी मेहनत कर रहे हैं। मगर प्रदेशों में बैठे कांग्रेस के छत्रपों पर उनका नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



## वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## भूकंप की तैयारी सिर्फ इमारतों के बारे में नहीं है

डॉ सत्यवान सौरभ

**भारतीय** भूभाग का लगभग 58% भूकंप की चपेट में है। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा तैयार किए गए भारत के भूकंपीय जोनिंग मानचित्र के अनुसार, भारत को चार जोन - क्क, क्क्क, क्श और श में विभाजित किया गया है। वैज्ञानिकों ने हिमालयी राज्य में संभावित बड़े भूकंप की चेतावनी दी है। भारत का भू-भाग बड़े भूकंपीय तथ्य/ प्रतिक्रिया व्यक्त करता है, विशेष रूप से हिमालयी प्लेट सीमा, जिसमें बड़ी भूकंपीय घटना (7 और अधिक परिमाण) की क्षमता है। भारत में भूकंप का मुख्य कारण इंडियन प्लेट के यूरेशियन प्लेट से टकराने के कारण होते हैं। इस अभिसरण के परिणामस्वरूप हिमालय पर्वत का निर्माण हुआ है, साथ ही इस क्षेत्र में लगातार भूकंप आ रहे हैं। भूकंप की तैयारी पर भारत की नीति मुख्य रूप से संरचनात्मक विवरण के पैमाने पर संचालित होती है। यह नेशनल बिल्डिंग कोड द्वारा निर्देशित है। इसमें स्तंभों, बीमों के आयामों को निर्दिष्ट करना और इन तत्वों को एक साथ जोड़ने वाले सुदृढीकरण के विवरण शामिल हैं। यह उन भवनों की उपेक्षा करता है जिनका निर्माण 1962 में ऐसे कोड प्रकाशित होने से पहले किया गया था। ऐसी इमारतें हमारे शहरों का एक बड़ा हिस्सा हैं। यह प्रवर्तन की प्रक्रियाओं में अचूकता मानता है। यह केवल दंड और अवैधताओं पर निर्भर करता है। यह भूकंप को व्यक्तिगत इमारतों की समस्या के रूप में मानता है। यह मानता है कि इमारतें मौजूद हैं और उनके शहरी संदर्भ से पूर्ण अलगाव में व्यवहार करती हैं। मौजूदा ढांचों की रेट्रोफिटिंग और अधिक दक्षता के साथ भूकंपीय कोड लागू करने के लिए कर-आधारित प्रोत्साहनों की एक प्रणाली बनाने की आवश्यकता है। यह अच्छी तरह से प्रशिक्षित पेशेवरों और सक्षम संगठनों का एक निकाय तैयार करेगा। सोशल मीडिया, टीवी चैनलों और अखबारों के जरिए आम लोगों के जान-माल को भूकंप से बचने के लिए सतर्क और सजग किया जा सकता है। भूकंप से जान-माल से बचाव न हो पाने की वजह यह भी है कि भूकंप आने का वक्त और अंतराल के बारे में वैज्ञानिक कुछ बता पाने की हालात में नहीं हैं। भूकंप आता है, तो लोग मनाते हैं कि वे बचे रहें, लेकिन कुछ साल गुजरता है और फिर भूल जाते हैं कि भूकंप फिर आ सकता है।

## सबसे बड़ा जुमलेबाज

डॉ. सुरेश कुमार

**पहले** झूठ अल्पसंख्यक और सच बहुसंख्यक हुआ करता था। अब सच अल्पसंख्यक और झूठ बहुसंख्यक है। जानवर जंगलों से क्या गायब हुए लोग जंगलों तक पहुँच गए हैं। वहाँ बड़ी-बड़ी अट्टालिकाओं में इंसानों का चोला पहनकर जानवरों सा व्यवहार करते हैं। उनकी इन करतूतों को कवर करने के लिए समाचार पत्र, मीडिया कम पड़ जाते हैं। चमकता झूठ और फीका सच अपनी धुरी पर झुकी धरती को सीधा रखने का गुरुमंत्र है। झूठ का दूसरा नाम आज गप्प हो गया है। इस गप्प की जाँच करने के लिए चुनाव के समय टिकट बाँटने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कई गप्प हाँकने में माहिर लोग चुनाव टिकट जीतने के लिए सामने आए। एक ने कहा "इंटर के बाद बारहवीं करने वाले को रोजगार जरूर मिलता है!" वाह! वाह! क्या बात कही।" मोटू साहब ने हँसते हुए कहा। दूसरे ने कहा - "मोटू साहब! मेरा जन्म सन् 1990 में हुआ लेकिन मैं गांधी जी से मिल चुका हूँ। उनके साथ मेरी तस्वीरें भी हैं। मैंने उन्हें अपने हाथों से चाय बनाकर पिलाई है।

"वाह यह हुई न बात! ऐसा गप्प फेंकने वाला भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों को चमका सकता है। जब शैक्षिक संस्थान अपनी जेबों में पड़े हों और फोटो शॉपी करने की कला में माहिर हो, तो कुछ भी संभव है।" मोटू साहब ने कहा। एक साधुई चोला पहने एक बंदे ने कहा, "जबसे मैंने जुमलों के कुछ बीज निगले हैं तब से मेरे पेट में छोटे-छोटे जुमले पैदा हो रहे हैं। जब कोई जुमला बड़ा हो जाता है तो उसे जनता को खिला देता हूँ। उनकी भूख मिटा देता हूँ।" "यह संभव है। तुमने किसी ताकतवर जुमले के बीज निगल लिए होंगे" मोटू साहब ने बिना पलकें झपके कहा। "मोटू साहब! क्या मुझे भी बोलने की अनुमति है?" गरीब आदमी ने पूछा। "अवश्य" मोटू साहब ने ताना कसते हुए कहा। गरीब आदमी ने जोर से कहा "सूरज दिन में चाँद रात में दिखाई देता है, लेकिन आप चौबीसों घंटे दिखाई देते हैं।

आप चुनाव के समय दिल्ली को डल्लास, नैनीताल को न्यूयार्क, भटिंडा को बीजिंग और वरंगल को वाशिंगटन बना देते हैं। गंगा में जितना पानी नहीं है उतना तो आपकी आँखों में है। धरती पर जितना अनाज नहीं उतना तो आपके मेनिफेस्टो में है।"



# सोनाली बेंद्रे

## को लेकर जब पाकिस्तानी खिलाड़ी ने कह दी थी ऐसी बात, सुनकर आप भी कहेंगे OMG

90 के दशक की एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे (Sonali Bendre) की खूबसूरती के ना सिर्फ भारत में, बल्कि सरहद पार भी उनके हुस्न के चर्चे थे. मासूम चेहरा, क्यूट स्माइल और लंबे खूबसूरत बाल उनके हर चीज पर फैंस फिदा हुआ करते थे. आज सोनाली ने बेशक इंडस्ट्री से दूरी बना ली है लेकिन सोशल मीडिया और किसी इवेंट मे वो नजर आ जाती हैं. आज भी उनके हुस्न पर मर मिटने वालों की कमी नहीं है लेकिन क्या आप जानते हैं एक समय सोनाली की खूबसूरती पर चर्चित पाकिस्तानी क्रिकेटर ऐसे फिदा हुए कि उन्होंने तो एक्ट्रेस को पब्लिकली किडनैप तक करने की बात कह दी थी.

**बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस में होती थी सोनाली की गिनती**

1995 में फिल्म आग से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली सोनाली बेंद्रे ने सरफ़रोश, दिलजले, सपूत, हम साथ साथ हैं और डुप्लीकेट जैसी शानदार फिल्मों में काम किया है. अपने अभिनय से सोनाली ने तो फैंस का दिल जीता ही, उनकी खूबसूरती भी दर्शकों को खूब लुभाती थी. टीवी पर भी सोनाली ने काफी काम किया है.



**शोएब अख्तर भी थे एक्ट्रेस की खूबसूरती पर फिदा**

सोनाली बेंद्रे की खूबसूरती के सरहद पार भी काफी दीवाने थे, जिसमें से एक पाकिस्तान के मशहूर क्रिकेट खिलाड़ी शोएब अख्तर भी थे. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शोएब, सोनाली को इस कदर पसंद करते थे कि उनकी तस्वीर पर्स में लेकर घूमा करते थे. एक बार क्रिकेटर ने ऐसा कह दिया था कि वो सोनाली को प्रपोज करेंगे और अगर एक्ट्रेस ने उन्हें इंकार किया तो वो उन्हें किडनैप कर सकते हैं. हालांकि शोएब अख्तर ने ये बात मजाक में कही थी लेकिन सोनाली के लिए उनकी चाहत उस समय काफी ज्यादा थी. बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी भी कभी सोनाली बेंद्रे (Sonali Bendre ) पर जान छिड़कते थे. सुनने में तो यहां तक आया था कि दोनों के बीच खास रिश्ता भी था, लेकिन ये रिस्ता लंबी दूरी नहीं तय कर पाया. आज सोनाली फिल्म प्रोड्यूसर गोल्डी बहल की पत्नी हैं और दोनों का एक बेटा भी है.

# दो हिट फिल्मों के बाद डूबने लगा करियर, माधुरी जैसी एक्ट्रेस संग भी किया काम, अब ओटीटी पर आजमा रहे हाथ



बॉलीवुड एक्टर संजय कपूर (Sanjay Kapoor) जब फिल्म 'राजा' में माधुरी दीक्षित संग नजर आए, तो रातों-रात सुपरस्टार बन गए. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा बिजनेस किया था. इसके बाद वह फिल्म 'सिर्फ तुम' में भी नजर आए, उनकी ये फिल्म भी काफी पसंद की गई थी. इस फिल्म में वह खूबसूरत एक्ट्रेस प्रिया गिल के अपोजिट नजर आए, लेकिन इसके बाद भी उनका करियर उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाया, जहां आज होना चाहिए था.संजय कपूर ने अपने एक्टिंग करियर में कई फिल्मों में अहम किरदार निभाए हैं. उनकी कई फिल्में भी लोगों ने काफी पसंद की थी. फिल्म सिर्फ तुम की बिना किसी को देखे प्यार होने वाली अजीब कहानी को भी दर्शकों ने काफी पसंद किया था. लेकिन इसके बाद भी संजय को कोई खास फिल्मों के ऑफर नहीं मिले थे. हालांकि संजय दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने में भी कामयाब हो चुके थे. लेकिन जानें कहा क्या कमी रही कि उन्हें अच्छी फिल्में करने के बाद भी काम नहीं मिला. अगर जो मिला तो उनकी वह फिल्में फैंस का दिल जीतने में नाकामयाब रही और फ्लॉप साबित हुई.

कपूर परिवार से ताल्लुक रखने वाले और अनिल कपूर और बोनी कपूर के छोटे भाई संजय कपूर का जन्म 17 अक्तूबर 1965 में मुंबई में हुआ था। संजय कपूर ने जहां अपने भाई की राह पकड़ी और फिल्म जगत में बतौर अभिनेता काम किया तो वहीं उनके बड़े भाई बोनी कपूर अपने पिता सुरिंदर कपूर की तरह ही फिल्म निर्माता बने। हालांकि एक तरफ जहां अनिल कपूर का फिल्म जगत में शानदार करियर रहा, तो वहीं बोनी कपूर ने भी बतौर निर्माता सफलता हासिल की। लेकिन इन दोनों से अलग संजय कपूर बॉलीवुड में वो सफलता न देख सकें और जल्द ही उनका करियर खत्म हो गया।

**देखना पड़ा कई फ्लॉप फिल्मों का मुंह**

फिल्म 'प्रेम'से बॉलीवुड में कदम रखने वाले सजंय के हिस्से में ज्यादातर फ्लॉप फिल्में ही आईं. हालांकि वह अपनी डेब्यू फिल्म से भी लोगों के बीच पहचाने जाने लगे थे. इस फिल्म के बाद संजय कपूर ने माधुरी दीक्षित के साथ फिल्म 'राजा' में काम किया और ये फिल्म सुपरहिट हुई. लेकिन अपने भाई अनिल कपूर की तरह संजय कपूर का बॉलीवुड करियर बहुत ज्यादा सफल नहीं हो सका. उनकी फिल्में भले ही फ्लॉप रहती हों लेकिन वह अपने करियर में हमेशा बॉलीवुड के चर्चित चेहरे रहे हैं. इन दिनों वह ओटीटी पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं.

# कजिन से शादी कर बसाया घर! दीपिका के पापा के खुलासे से मचा हड़कंप, रणवीर के सास-ससुर की शादी का उड़ा मजाक



बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण (Deepika Padukone) और उनके है हैंडसम पति एक्टर रणवीर सिंह (Ranveer Singh) बॉलीवुड के क्यूट कपल में एक हैं. कपल को एक साथ देख उनके उनके चाहने वाले बेहद खुश हो जाया करते हैं. हालांकि बीते दिनों से कपल को लेकर जो अटकलें लगाई जा ही हैं वह लोगों के लिए हैरान करने वाली हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कपल के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है.

इन्हीं सब के बीच दीपिका के पापा पिता प्रकाश पादुकोण (Prakash Padukone) का एक इंटरव्यू काफी सुर्खियां बटोर रहा है, जिसमें उन्होंने ने अपने बैडमिंटन करियर, सफलता, असफलताओं के बारे में बात की थी. इस दौरान उन्होंने अपनी वाइफ उज्जला पादुकोण (Ujjala Padukone) को लेकर एक सनसनी मचा देने वाला खुलासा किया है. उन्होंने अपने हालिया इंटरव्यू में बताया था कि वह और उनकी पत्नी उज्जला वास्तव में एक-दूसरे के कजिन हैं.

**कजिन हैं दीपिका के पैरेंट्स**

'टीओआई' के साथ बातचीत में दीपिका के पिता प्रकाश पादुकोण ने कहा कि उज्जला से शादी से करने से वे दोनों कजिन थे. प्रकाश ने अपने इंटरव्यू में कहा था, 'मुझे याद है कि मैंने नेशनल चैंपियनशिप खेली थी, जिसमें मैं हार गया था. दुनिया का नंबर 1 होने के बावजूद मैं नौ साल बाद पहली बार नेशनल चैंपियनशिप हार गया था. मैं उस वक्त काफी दुखी था और मैंने महसूस किया कि खेल में आप कभी हारते हैं और जीत भी सकते हैं. क्योंकि ये खेल है इसलिए जीत के बाद ना ही ज्यादा उत्साहित हो सकते हैं और ना ही हार के बाद उदास हो. नेशनल चैंपियनशिप हारने के बाद मैंने अपनी दूसरी चचेरी बहन उज्जला से शादी कर ली. शादी के बाद हम कोपेनहेगन चले गए, क्योंकि मुझे वहां नौकरी मिली और 1986 तक दीपिका के जन्म तक वहीं रहा. मैं 1989 में रिटायर हुआ था.

# जैकलीन फर्नांडिस

## के खिलाफ मानहानि केस की सुनवाई टली, ये है वजह



बॉलीवुड की डांसिंग क्वीन नोरा फतेही (Nora Fatehi) ने एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीस (Jacqueline Fernandez) के खिलाफ मानहानि का मुकदमा (Defamation Case)दर्ज कराया हुआ है. इस मामले में आज दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट(Patiala House Court) में सुनवाई होनी थी लेकिन खबर आ रही है कि कोर्ट में मामले की सुनवाई टल गई है. बता दें कि नोरा ने जैकलीन पर आरोप लगाया था कि अपने फायदे के लिए जैकलीन ने उनका करियर बर्बाद कर दिया था. इसके बाद नोरा ने जैकलीन के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करा दिया था इसी मामले पर दिल्ली की कोर्ट में सुनवाई होनी थी.

**मामले की सुनवाई अब कब होगी ?**

दरअसल जैकलीन फर्नांडिस के खिलाफ दाखिल नोरा फतेही के मामले की सुनवाई कर रहे जज छुट्टी पर हैं इस वजह से अब इस केस की अगली सुनवाई 22 मई को होगी. इस मामल में पहले नोरा फतेही को अपना बयान दर्ज कराना है.

**क्या है जैकलीन-नोरामामला ?**

बता दें कि 200 करोड़ के सुकेश चंद्रशेखर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन फर्नांडिस (Jacqueline Fernandez) और नोरा फतेही ( Nora Fatehi ) एक दूसरे के आमने-सामने आ गई थी. वे ईडी की रडार पर थीं और दोनों से कई राउंड पूछताछ भी हुई थी. इस पूरे मामले में नोरा ने अपना पक्ष साफ कर दिया था. लेकिन बाद में डांसिंग क्वीन ने ये आरोप लगाया कि जैकलीन फर्नांडिस और मीडिया ट्रायल की वजह से उनकी इमेज को काफी नुकसान पहुंचा था. नोरा ने दावा किया था कि 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनका नाम बेवजह इस्तेमाल किया गया.

**नोरा ने सुकेश से तोहफे लेने की बात को बताया था गलत**

नोरा ने साफतौर पर कहा था कि उनका सुकेश चंद्रशेखर से कोई लेना देना नहीं है. वे सुकेश को बस उसकी पत्नी मारिया पॉल के जरिए जानती थी. नोरा ने सुकेश से महंगे तोहफे लेने की बात को भी सरासर गलत ठहराया था.

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 27 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072


# जोशीमठ में 868 घरों में दरारें, 181 अनसेफ

## लोगों की परेशानी बढ़ी: चारधाम यात्रा की वजह से बेघरों को होटलों ने अल्टीमेटम दिया, किराए पर घर नहीं मिल रहा

**टीम एक्शन इंडिया/जोशीमठ**
**2 जनवरी** की रात जोशीमठ में जो आपदा आई, उसने हमें कहीं का नहीं छोड़ा। 7 कमरों के तीन मंजिला मकान में रहने वाला हमारा 5 लोगों का परिवार होटल के 10*10 के कमरे में ठूंस दिया गया। अब होटल वालों ने भी अल्टीमेटम दे दिया है कि 31 मार्च तक खाली कर दो, क्योंकि चारधाम यात्रा के कारण तीर्थयात्रियों की बुकिंग शुरू होने वाली है। शहर में किराये पर भी घर नहीं मिल रहे। बच्चों की बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं, ऐसे में हम कहां जाएं? सड़क पर आने की नौबत आ गई है। जोशीमठ के सिंहद्वार में रहने वाली रूपा यह दर्द झेलने वाली अकेली नहीं हैं। करीब चार हजार इमारतों वाले 11.5 वर्ग किमी में फैले शहर के 2.5 वर्ग किमी एरिया के 868 मकानों में दरारें आई हैं, जिनमें से 181 को अनयूजेबल घोषित



किया जा चुका है। करीब 700 लोगों को अपना घर छोड़कर इधर-उधर पनाह लेनी पड़ी है। जहां तक सरकारी मदद की बात है तो इन लोगों को तत्काल 1.50 लाख रुपए और 6 महीने तक किराये के घर के लिए 5 हजार रु. प्रति माह दिए जा रहे हैं। मगर सरकारी मदद मिलने के 7 दिन के अंदर मकान खाली करना होगा। मुश्किल ये है कि 4-7 लोगों का परिवार 5 हजार रुपए में किराये के छोटे से मकान में सामान रहित कैसे रह सकता है?

**विस्थापन से पीड़ित लोगों का दर्द:** सरकार ने नगर पालिका में तीन वक्त खाने-पीने की व्यवस्था की है। लेकिन उसके लिए बच्चों और पत्नी समेत बेबसों की तरह घंटों लाइन में लगना पड़ता है। यह बताते-बताते होटल साईंधाम में रुके चंद्रमोहन की आंखें भर आती हैं। पेशे से कॉन्ट्रैक्टर चंद्रमोहन का 3 मंजिला मकान भी दरारों की चपेट में है। वे 77 दिन से होटल में हैं। मनोहरबाग के अकलेश कपुरवान के मकान पर भी रेड क्रॉस लगाए गए हैं। फिर भी वे दिनभर यहीं रहने के लिए मजबूर हैं। क्योंकि होटल के एक कमरे में 4 लोगों के परिवार के साथ परीक्षा की तैयारी नहीं कर सकते। भविष्य भी अंधेरे में दोहरे विस्थापन की मार झेलने वाले पीड़ितों को आगे का भी कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा। सरकार मकानों के मुआवजे के रूप में 25-37 हजार रुपए प्रति वर्ग मीटर देने की बात कह रही है।

### अल्टीमेटम

**अल्टीमेटम दे दिया है कि 31 मार्च तक खाली कर दो, चारधाम यात्रा के कारण तीर्थयात्रियों की बुकिंग शुरू होने वाली है**

## 'आपदा के लिए एनटीपीसी जिम्मेदार'

### शिफ्ट करें

**एनटीपीसी पर 20 हजार करोड़ रु. का जुर्माना लगाना चाहिए और उसी राशि से यहां के लोगों के पुनर्वास का इंतजाम करना चाहिए**



**करीब** 18 साल पहले जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति की स्थापना करने वाले अतुल सती भी मानते हैं कि इस शहर को लंबे समय तक जिंदा रख पाना बहुत मुश्किल दिख रहा है। बेहतर यही है कि लोगों को रहने-कमाने के उचित साधन देकर दूसरी जगह शिफ्ट करा दिया जाए। एनटीपीसी के तपोवन विष्णुगढ़ हाइड्रो प्रोजेक्ट की वजह से हुए बेहिसाब धमाकों के कारण ऐसे हालात पैदा हुए हैं। इसलिए एनटीपीसी पर करीब 20 हजार करोड़ रु. का जुर्माना लगाना चाहिए और उसी राशि से यहां के लोगों के पुनर्वास का इंतजाम करना चाहिए। हिमालय रेंज के सबसे युवा पहाड़ों पर बसा जोशीमठ अब बाढ़, भूस्खलन और भूकंप की मार नहीं झेल सकता। दौड़िल जैसे कई नए क्षेत्रों में भी दरारें दिखना बड़ी आपदा का संकेत है।

**चेतावनियां...जो डराती हैं...**
इसी साल जनवरी में आई इसरो की रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल-नवंबर 22 के बीच जोशीमठ 9 सेमी धंस गया। 27 दिसंबर से 8 जनवरी के बीच 12 दिनों में ही 5 सेमी धंसा है। सरकार ने अब ऐसी रिपोर्ट जारी करने पर भी पाबंदी लगा दी है। तपोवन विष्णुगढ़ हाइड्रो प्रोजेक्ट का लगभग 80% काम पूरा हो चुका है, ऐसे में सरकार के लिए उसे रोकना कठिन है। चारधाम और हेलंग बाईपास जैसी परियोजनाओं के साथ खराब ड्रेनेज सिस्टम पर होटलों-मकानों का बढ़ता दबाव भी इस शहर के लिए मुसीबत बन गया है।

**ज्योतिर्मठ के शिवलिंग में दरार की खबर अफवाह :** 8वीं सदी में आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित ज्योतिर्मठ में मौजूद स्फटिक शिवलिंग पूरी तरह सुरक्षित है। इसमें कहीं कोई दरार नहीं आई है। 12 साल से ज्योतिर्मठ में पुजारी रहे महिमानंद उनियाल कहते हैं कि यह कोरी अफवाह है।

## न्यूज फ्लैश

### हरीश रावत ने गांधी प्रतिमा के नीचे बैठ किया सत्याग्रह

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
कांग्रेस राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त होने पर रविवार को प्रदेश भर के जिला और ब्लाक मुख्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे बैठकर सत्याग्रह किया। इस दौरान वक्ताओं ने केन्द्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबा रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त होने के बाद प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। देहरादून में गांधी पार्क स्थित गांधी की प्रतिमा के नीचे संकल्प सत्याग्रह किया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह सहित बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेस नेता जमकर नारेबाजी करते केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर विरोध किया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि केन्द्र सरकार सत्ता के अहंकार में षड्यंत्र पूर्ण कार्य से विपक्ष को समाप्त करना चाह रही है। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने हमें रास्ता दिखाया है। इसी रास्ते पर चलते हुए हम पूर्वाग्रह और अंहकार के खिलाफ आज गांधी प्रतिमा के नीचे सत्याग्रह पर बैठे हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए राहुल गांधी के बुलंद आवाज को सत्ता के इशारे पर बंद किया जा रहा है। आज केन्द्र सरकार के शुद्धि बुद्धि के लिए बैठे हैं। देश भर के कांग्रेस जनों में आक्रोश बना हुआ है और हम एकजुट होकर लड़ाई को लड़ रहे हैं।

### मौसम ने आम की फसलों को पहुंचाया नुकसान

**लखनऊ:** इस वर्ष आम पर बौर अच्छा आया है। इससे किसानों में बहुत खुशी थी, लेकिन इस बीच बारिश, ओले और आंधी ने आम की फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। इसका असर अभी आने वाले दिनों में भी दिखने के आसार हैं। आम के बौर पर फंफूद रोग सहित कई रोगों का असर दिखने लगा है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार इसके लिए किसानों को दवा छिड़काव करना चाहिए। उद्यान विभाग के उप निदेशक कौशल कुमार का कहना है कि इस समय खर्रा व फफूंद जनित रोगों का खतरा ज्यादा है। कुछ जगहों पर इसका असर भी दिखने लगा है। किसानों को इसके लिए दवाओं का छिड़काव करना चाहिए, जहां पर ओले पड़े हैं। वहां तो बौर ही झड़ गये हैं, लेकिन जहां बौर बचे हैं, उनकी रक्षा के उपाय करने चाहिए। उन्होंने कहा कि खर्रा, दहिया रोग के लिए घुलनशील गंधक दो ग्राम प्रति लीटर व हेग्जा कोना जोल एक प्रतिशत प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव किया जा सकता है। यदि आम के बौर पुरी तरह लदे हों तो रासायनिक दवा का छिड़काव न करें। इससे परागण प्रभावित होने की संभावना बढ़ जाती है। उद्यान अधिकारी डा. शैलेंद्र

## सीएम योगी ने 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट की दी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राज्य को 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट की सौगात दी।पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के तहत 201 करोड़ की लागत से यह सभी वेटनरी यूनिट तैयार की गई हैं। इस मौके पर टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1962 का भी शुभारम्भ किया गया। इस टोल फ्री नंबर पर काल करते ही ये वेटरनरी यूनिट पशु के इलाज के लिए घटनास्थल की ओर रवाना हो जाएगी। मुख्यमंत्री आवास पांच कालिदास मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि लगभग छह करोड़ पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन की दृष्टि से केंद्र सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गईं मोबाइल वेटरनरी यूनिट के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। मोबाइल वेटरनरी वैन अब प्रदेश के पांच जोन में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से संचालित होंगी। प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए छह हजार 600 से अधिक गो-आश्रय स्थल स्थापित किए गए हैं।

## कमलनाथ ने भ्रष्टाचार कर लूट-खसोट की: शाह

**टीम एक्शन इंडिया/छिंदवाड़ा**
**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में मंच से कमलनाथ से सवाल किए। शाह ने कहा, आपको जनता ने एक मौका दे दिया था। आपने क्या किया? इसका हिसाब-किताब तो दो। शिवराज सिंह जो मध्यप्रदेश छोड़कर गए थे, उसमें भी आपने भ्रष्टाचार कर लूट-खसोट का काम किया। शाह ने अपने 15 मिनट के भाषण में 7 बार कमलनाथ का नाम लिया। अमित शाह ने कहा, कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन गरीबों के लिए कोई काम नहीं किया। मोदी ने 80 करोड़ गरीबों की जिंदगी बदलने का काम



किया। पीएम मोदी ने देश की 130 करोड़ जनता को कोरोना के टीके लगवाकर कोरोना से उनके जीवन को सुरक्षित करने का काम किया है। अमित शाह छिंदवाड़ा में आयोजित बीजेपी की महाविजय उद्घोष जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम शिवराज सिंह ने भी सभा को संबोधित करते हुए कमलनाथ को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कमलनाथ डींगे हांकते हैं कि मैंने ये कर दिया, वो कर दिया..., अरे सरकार तो हमारी है। बीजेपी ने विकास किया।

### साधा निशाना

**शिवराज सिंह जो मध्यप्रदेश छोड़कर गए थे, उसमें भी आपने भ्रष्टाचार कर लूट-खसोट का काम किया: अमित शाह**

**कांग्रेस और कमलनाथ सिर्फ वादे करते हैं:** अमित शाह ने कमलनाथ पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि कल्हान कॉम्पलेक्स बांध में सैकड़ों करोड़ रुपए का किसी प्रक्रिया के बगैर एडवांस पेमेंट कर दिया। इनके इर्द-गिर्द के लोगों के भी नाम इसके अंदर आए। अगत्सा वेस्टलैंड के घोटाले-घपले में भी आए।

## पंतनगर से जयपुर के लिए हवाई सेवा शुरू

**हल्द्वानी:** केन्द्रीय रक्षा और पर्यटन राज्य मंत्री ने रविवार को पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचकर पंतनगर से जयपुर होते हुए अहमदाबाद जाने वाली हवाई सेवा इंडिगो फ्लाइट का फीता और केक काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान केन्द्रीय रक्षा और पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने हल्द्वानी निवासी यात्री एस.लता और बीरपाल सिंह को हवाई टिकट और पुष्प देकर स्वागत किया। उन्होंने हवाई सेवा प्रारम्भ होने पर इंडिगो परिवार को बधाई दी। उन्होंने बताया कि हम पहले से ही प्रयासरत थे कि देश के कोने-कोने तक फ्लाइट चलें, इसी कड़ी में आज जयपुर होते हुए अहमदाबाद के लिये हवाई सेवा को प्रारम्भ किया गया है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि आज उन्होंने अंगदान करने और सौर ऊर्जा बढ़ावा देने की बात कही है।

## सारस के साथ तस्वीर खिंचवाने की तकलीफ है उन्हें: अखिलेश यादव

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**समाजवादी पार्टी** (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय पर रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरिफ और सारस पक्षी मामले को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा। मैं सारस से मिलने क्यों चला गया, मैंने सारस के साथ तस्वीर क्यों खिंचवा ली, इस बात की उन्हें(सरकार) तकलीफ है ? अखिलेश यादव ने कहा कि अपने प्रिय जानवर को सभी लोग



दाना खिलाते हैं। योगी सरकार जान बचाने वाले को डराना चाहती है। कानून सिर्फ सारस के लिए नहीं, अन्य के लिए भी है। सारस को बचाने वाले आरिफ को सरकार को सम्मानित करना चाहिए था। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य कई मुद्दों पर भी योगी सरकार को घेरा। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी दल नहीं, न जाने कैसा संगठन है। देश के पढ़े-लिखे जागरूक लोग अगर झूठ को सच मानने लगें, उससे बड़ा खतरा लोकतंत्र के लिए कुछ नहीं। आप(भाजपा सरकार) कहते हो प्रदेश की बेरोजगारी दर 4.2 प्रतिशत है। इसका मतलब सबको नौकरी, रोजगार मिल गया।

## भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे ने सुसाइड किया

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**भोजपुरी** एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे ने रविवार को वाराणसी के सारनाथ के एक होटल में सुसाइड कर लिया। उनका शव होटल के कमरा नंबर 105 में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है। आकांक्षा के सुसाइड की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। आकांक्षा भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र के परसीपुर गांव की रहने वाली थीं। वह शुक्रवार रात शूटिंग के बाद होटल में गई थीं और सुबह उनका शव फंदे से लटकता मिला।

**योगी सरकार के छह साल**

### एके शर्मा ने मानिंटरिंग के लिए टेक्नालाजी पर विशेष जोर दिया

## नगर विकास में सफाई पर ध्यान, ऊर्जा में आता रहा व्यवधान

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** के रूप में योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा हो गया। इस दौरान प्रदेश सरकार में सबसे भारी-भरकम दो विभागों के मंत्रालय संभाल रहे एके शर्मा ने मानिंटरिंग के लिए टेक्नालाजी पर विशेष जोर दिया। नगर विकास विभाग में उनके कामों का असर भी दिखा और पहले की अपेक्षा सफाई ज्यादा दिख रही है। वहीं ऊर्जा विभाग में यह चर्चा है कि पूरा वर्ष एक उच्चाधिकारी से अंतर्कलह में ही ज्यादा समय गुजर गया। हालांकि ऊर्जा विभाग में भी बिजली निर्बाध आपूर्ति बनाने और



चोरी रोकने के बहुत सारे काम किये। इसका प्रतिफल भी दिखने लगा है। वर्तमान सरकार के गठन के साथ ही 1988 बैच के गुजरात कॉडर के आईएएस अधिकारी रहे ए.के. शर्मा को योगी आदित्यनाथ की सरकार में मंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण कराई गई। ऊर्जा और नगर विकास दोनों सीधे जनता से जुड़े हुए विभाग हैं। इसके साथ ही इनके कर्मियों की लालफीताशाही से सूबे का हर नागरिक भली भांति परिचित है। लोगों की समस्याओं का निदान समय से हो सके, इसके लिए उन्होंने संभव पोर्टल लांच किया और सभी कामों की निगरानी स्वयं भी शुरू कर दी। इसका असर बहुत हद तक दिखने लगा है। ए.के. शर्मा ने नगर विकास विभाग एवं ऊर्जा विभाग को जनता के लिए समर्पित करते हुए विभागीय अधिकारियों, कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि जनता को बेवजह कोई परेशान न करें।


